53. देखें संदर्भ 1, श्लोक 3472, 3473.
54. वही, श्लोक 3505-3568.
55. वही, श्लोक 3321-3323.

प्रकीर्णक साहित्य : एक अवलोकन

- डॉ अतुल कुमार प्र. सिंह

आगम साहित्य मुख्यतः दो भागों में विभक्त है। अंगबाह्य आगम और अंग्रप्रविष्ट आगम। अंगप्रविष्ट आगम वह है जिसका उपदेश तीर्थंकरों ने स्वयं दिया और गणधरों ने सूत्ररूप में संग्रहित किया। ऐसे 12 अंग आगम हैं। ये हैं-आचारांग, सूत्रकृतांग, स्थानांग, समवायांग, व्याख्याप्रज्ञप्ति, ज्ञाताधर्मकथा, उपाशकदशा, अन्तकृद्दशा, अनुत्तरोपपातिकदशा, प्रश्नव्याकरण, विपाकसूत्र और दृष्टिवाद। इसमें दिगम्बर मान्यतानुसार दृष्टिवाद के कुछ भाग (कषायपाहुड और षट्खण्डागम) को छोड़कर सभी आगम लुप्त माने गये हैं तो श्वेताम्बर मान्यतानुसार बारहवां दृष्टिवाट आगम का विलोप हो चुका है। अंगबाह्य आगम वे हैं जो सीधे तीर्थंकरों की वाणी नहीं है अपितु तीर्थंकरों के विचारों की व्याख्या अन्य आचार्यों द्वारा की गई हैं। 12 उपांग, 6 छेद सूत्र, 4 मूलसूत्र, 10 प्रकीर्णक एवं 2 चूलिका-सूत्र, इस प्रकार 44 भेद माने जाते हैं। नन्दी सूत्र में इन अंग बाह्य आगमों को प्रथमतः दो भागों में रखा गया है-आवश्यक एवं आवश्यक व्यतिरेक। आवश्यक के अंतर्गत सामयिक आदि छः ग्रंथ है। आवश्यक व्यतिरिक्त ग्रंथों को कालिक और उत्कालिक दो भाग में विभक्त किया गया है। इस प्रकार कुल 46 आगम (दृष्टिवाद को छोड़कर 45) श्वेताम्बर मूर्तिपूजक सम्प्रदाय में मान्य है। इनमें 10 प्रकीर्णक तो श्वेताम्बर सम्प्रदाय के तेरापंथ एवं स्थानकवासी पंथ भी स्वीकार नहीं करते हैं। इस प्रकार विशाल प्रकीर्णक साहित्य साम्प्रदायिक दृष्टि से पूरी तरह उपेक्षित हैं।

परम्परागत मान्यतानुसार जिस तीर्थंकर के संघ में जितने श्रमण होते हैं उनमें से प्रत्येक के द्वारा एक-एक प्रकीर्णक रचना का उल्लेख है, इसी कारण समवायांग सूत्र में ऋषभदेव के चौरासी हजार शिष्यों के उतने ही प्रकीर्णकों का उल्लेख हैं।[1] इसी प्रकार महावीर के तीर्थ में चौदह हजार श्रमणों द्वारा इतने ही प्रकीर्णक रचने की मान्यता है।[2]

प्रकीर्णक 'प्र' उपसर्गपूर्वक 'क' धातु से 'क्त' प्रत्यय सहित निष्पन्न 'प्रकीर्ण' शब्द से 'कन्' प्रत्यय होने पर बना है। इसका शाब्दिक अर्थ है-नाना संग्रह, फुटकर वस्तुओं का संग्रह और विविध वस्तुओं का अध्याय। पर जैन साहित्य में 'प्रकीर्णक' एक विशेष प्रकार का पारिभाषिक शब्द है। आचार्य आत्माराम ने प्रकीर्णक की व्याख्या निम्न प्रकार से की है -अरिहन्त के उपदिष्ट श्रुतों के आधर पर श्रमण निर्ग्रन्थ भक्ति भावना तथा श्रद्धावश मूलभावना से दूर न रहते हुए जिन ग्रंथों का निर्माण करते हैं, उन्हें 'प्रकीर्णक' कहते हैं। प्रकीर्णकों की रचना करने का दूसरा उद्देश्य यह भी समझा जा सकता है कि इनसे जनसाधारण आसानी से धर्म की ओर उन्मुख हो सकें।

प्राचीन आगम ग्रंथों में ऐसा कहीं भी स्पष्ट उल्लेख नहीं है कि अमुक-अमुक ग्रंथ प्रकीर्णक के अन्तर्गत हैं। नन्दी सूत्र और पाक्षिक सूत्र दोनों में आगमों के विभिन्न वर्गों में कहीं भी प्रकीर्णक वर्ग का उल्लेख नहीं है। यद्यपि इन दोनों ग्रंथों में, आज हम जिन्हें प्रकीर्णक मानते हैं, उनमें से 9 ग्रंथों का उल्लेख कालिक एवं उत्कालिक आगमों के अन्तर्गत आता है। कालिक के अंतर्गत-ऋषिभाषित और द्वीपसागरप्रज्ञप्ति एवं उत्कालिक के अन्तर्गत देवेन्द्रस्तव, तन्दुलवेचारिक, चन्द्रकेवेध्यक, गणिविद्या, आतुरप्रत्याख्यान, महाप्रत्याख्यान और मरण विभक्ति। आगमों का अंग, उपांग, छेदसूत्र, मूलसूत्र, चूलिका एवं प्रकीर्णक के रूप में विभाजन सर्वप्रथम आचार्य जिनप्रभ के विधिमार्ग प्रथा (लगभग ईसा की तेरहवीं शताब्दी) में मिलता है।

अंग आगमों में 'प्रकीर्णक' का उल्लेख सर्वप्रथम समवायांग सूत्र में मिलता है। प्रो. सागरमल जैन के अनुसार प्रारम्भ में आगमों के अतिरिक्त सभी ग्रंथ प्रकीर्णक की कोटि में माने जाते थे। अंग आगमों से इतर आवश्यक, आवश्यक व्यतिरिक्त, कालिक एवं उत्कालिक के रूप में वर्गीकृत सभी ग्रंथ प्रकीर्णक कहलाते थे।[3] उन्होंने इसके प्रमाण स्वरूप षट्खण्डागम की धवला टीका का उल्लेख किया है जिसमें 12 अंग आगमों से भिन्न अंग वाला ग्रंथों को प्रकीर्णक नाम दिया है। 'अंग-बाहिरचोद्दसपइण्णयज्झाया'।[4] उसमें उत्तराध्ययन, दशवैकालिक, ऋषिभाषित आदि को भी प्रकीर्णक ही कहा गया है।[5] यह भी ज्ञातव्य है कि प्रकीर्णक शब्द तो नहीं मिलता है, मात्र कुछ ही ग्रंथ ऐसे हैं जिनके नाम से अंत में प्रकीर्णक शब्द का उल्लेख हुआ है फिर भी इतना निश्चित है कि प्रकीर्णकों का अस्तित्व अतिप्राचीन काल में भी रहा है, चाहे उन्हें प्रकीर्णक नाम से अभिहित किया गया हो अथवा न किया गया हो। नन्दीसूत्रकार ने अंग आगमों को छोड़कर आगम रूप में मान्य अन्य सभी ग्रंथों को प्रकीर्णक कहा है। (नन्दी सूत्र, सम्पादक-मुनिमधुंकर, प्रकाशन-आगम प्रकाशन समिति, ब्यावर, वर्ष-1982, सूत्र-81) अतः प्रकीर्णक शब्द आज जितने संकुचित अर्थ में है उतना पूर्व में नहीं था। उमास्वाति और देववाचक के समय में तो अंग आगमों के अतिरिक्त शेष सभी आगमों को प्रकीर्णकों में ही समाहित किया जाता था। इससे जैन आगम साहित्य में प्रकीर्णकों का क्या स्थान है, यह सिद्ध हो जाता है। प्राचीन दृष्टि से

तो अंग आगमों के अतिरिक्त सम्पूर्ण जैन आगमिक साहित्य प्रकीर्णक वर्ग के अन्तर्गत आता है।[6]

वर्तमान में मुनि पुण्यविजयजी ने पइण्णयसुत्ताइं (दो खंड) नामक ग्रंथ के प्रथम भाग में 'जैन आगम संबंधित संक्षिप्त वक्तव्य' पृ. 18 में 22 प्रकीर्णकों का उल्लेख किया है। चूंकि प्रकीर्णकों की कोई निश्चित नामावली नहीं है और कई प्रकार से गिने जाते हैं, उपयुक्त 22 नाम सब प्रकारों में से संग्रह किया गया है ये हैं- 1. चउसरण, 2. आउरपच्चक्खान, 3. भत्तपरिण्णा, 4. संथारय, 5. तंदुलवेयालिय, 6. चंदावेज्झय, 7. देविंदस्तय, 8. गणिविज्जा, 9. महापच्चक्खान, 10. वीरत्थय, 11. इसिभासियाइं, 12. अजीवकल्प, 13. गच्छाचार, 14. मरणसमाधि, 15. तित्थोगाली, 16. आराहणत्यडागा, 17. दीवसागरपण्णन्ति, 18. जोइसकरंडय, 19. अंगविज्जा, 20. सिद्धपाहुड, 21. सारावली, और 22. जीवविभत्ति।

परन्तु पइण्णयसुताइं (दोनों भाग) में संपादक मुनि पुण्यविजयजी ने कुल 32 प्रकीर्णकों को संकलित किया है। इनमें से कुछ समान नामवाले हैं पर इनके लेखक और काल भिन्न है। उपरोक्त बाईस प्रकीर्णकों के अलावा पइण्णयसुत्ताइं ग्रंथ में जो अन्य प्रकीर्णक संकलित है, वे हैं- सकुसला-णुवंधिअज्झयण-चंउसरणपइण्णयं' अवरणामयं सिरि बीरभद्दायरियविरइयं च, (1) आउरपच्चक्खाणं, आउरपच्चक्खाणपइण्णयं-सिरिवीरभद्दाचरिय विरइयं, (4) वीरभद्राचार्य विरचित आराहणापडाया, (5) आराहणासार अवरणामा पज्जंताराहणा, (6) आराहणापणगं, (7) सिरिअभयदेव सूरियणीयं आराहणापयरणं (8) जिणसेहरसावयं पई सुलससावयकाराविया आराहणा, (9) नन्दनमुनि आराधित आराधना, (10) आराहणा कुलयं, (11) मिच्छादुक्कडकुलयं, (12) मिच्छादुक्कडकुलयं, (13) आलोचणाकुलयं, (14) अप्पविसोहिकुलयं।

उपरोक्त 'जैन आगम संबंधित संक्षिप्तवक्तव्य' में उल्लिखित 22 प्रकीर्णकों में चार ऐसे प्रकीर्णक हैं जो पइण्णयसुत्ताइं में संकलित नहीं हैं-ये हैं- अजीवकल्प, अंगविज्जा, सिद्धापाहुड एवं जीवविभक्ति। इस प्रकार पइण्णयसुत्ताइं में कुल 32 प्रकीर्णक हो जाते हैं, अब ये चार प्रकीर्णक क्यों नहीं संकलित किये गये हैं इसका उल्लेख प्राप्त नहीं होता जबकि ये सब उपलब्ध हैं। ऐसा लगता है कि ये चारों अलग से प्रकाशित होने और कुछ बड़े होने के कारण यहां संकलित नहीं किये गये। इसे भी माने तो वर्तमान में उपलब्ध 36 प्रकीर्णक हैं। दूसरी ओर प्रकीर्णक साहित्यःमनन और मीमांसा नामक ग्रंथ में एक लेख (प्रकीर्णकों की पाण्डुलिपियां और प्रकाशित संस्करण-जौहरीमल पारख) में दी गयी उपलब्ध प्रकीर्णकों की सूची में जो तीस प्रकीर्णक सूचीबद्ध है उनसे पइण्णयसुताइं में संकलित प्रकीर्णकों की भिन्नता है। इस सूची में जिनके नाम है वे हैं-1. आतुरप्रत्याख्यान-वीरभद्र, 2. गणिविधा, 3. कुशलाणुबंधिचतुशरण-

वीरभद्र, 4. चन्द्रवेध्यक, 5. तन्दुलवैचारिक, 6. देवेन्द्रस्तव-ऋषिपालित, 7. भक्तपरिज्ञा-वीरभद्र, 8. महाप्रत्याख्यान, 9. वीरस्तव, 10. संस्तारक, 11. अङ्गविद्या, 12. अजीवकल्प, 13. आराधनापताका-वीरभद्र, 14. गच्छाचार, 15. ज्योतिषकरंडक-पादलिप्त, 16. तिथिप्रकीर्णक, 17. तीर्थोद्वालिक, 18. द्वीपसागरप्रज्ञप्ति, 19. मरणसमाधि, 20. सिद्धप्राभृत, 21. अंगचूलिका-यशोभद्र, 22. कवच-जिनचन्द्र, 23. जीवविभक्ति, 24. पर्यन्ताराधना, 25. पिण्डविशुद्धि-जिनबल्लभ, 26. बंग-चूलिका-यशोभद्र, 27. योनिप्राभृत-धरसेन, 28. सुप्रणिधान (वृद्ध) चतुशरण, 29. सारावली, 30. जंबूचरित्र (जंबूपइन्ना)-पद्मसूरि। जिन प्रकीर्णकों के आगे कर्त्ता का नमा नहीं है उनके कर्त्ता अज्ञात हैं। इसी लेख में प्रकाशित प्रकीर्णकों की दूसरी सूची में ऋषिभाषित का नाम भी है पर उसे सामान्य क्रम में नहीं रखा गया है। यदि हम उसे भी मोन तो यहां 31 प्रकीर्णक हो जाते हैं। इनमें से तिथि प्रकीर्णक, अंगचूलिका, कवच, पिण्डविशुद्धि, बंगचूलिका, योनिप्राभृत एवं जंबूचरित्र (जंबूपइन्ना) इन सातों का उल्लेख पइण्णयसुत्ताइं में नहीं है। इन्हें भी शामिल कर लेने पर 36+7=43 उपलब्ध प्रकीर्णक हो जाते हैं।

विषय वस्तु :

उपलब्ध प्रकीर्णकों में नन्दनमुनि आराधित आराधना (संस्कृत) प्रकीर्णक के अतिरिक्त समस्त प्रकीर्णक प्राकृत भाषा में रचे गये हैं, आकार की दृष्टि से सबसे छोटे आकार का आराधनाकुलक है जिसमें मात्र 8 गाथाएं हैं और सबसे बड़े आकार का अंगविद्या है जिसमें 9000 ग्रंथ या 60 अधिकार हैं। इसमें आतुरप्रत्याख्यान नाम के तीन प्रकीर्णक हैं तथा चतुःशरण, आराधनापताका और मिथ्यादुष्कृतकुलक शीर्षक से दो-दो प्रकीर्णक हैं।

प्रकीर्णकों की विषय वस्तु को देखा जाये तो अधिकांश प्रकीर्णक समाधिमरण को प्रतिपादित करते हैं पर समाधिमरण के अलावा निमित्त, मुहूर्त, खगोल, भूगोल, जैन इतिहास, शरीरविज्ञान, गुरु-शिष्य सम्बन्ध आदि पर प्रकाश डालने वाले भी प्रकीर्णक हैं। यहां हम उपलब्ध प्रकीर्णकों की विषयवस्तु का संक्षिप्त उल्लेख करेंगे। इसे दो भागों में विभक्त किया गया है। पहले समाधिमरण से सम्बंधित प्रकीर्णकों का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत है।

1. मरण समाधि - आगममान्य दस प्रकीर्णकों में यह सबसे बड़ा है। इसमें 661 गाथायें हैं, ग्रंथकार के अनुसार 1. मरण विभक्ति, 2. मरण विशोधि, 3. मरण समाधि, 4. संलेखनाश्रुत, 5. भक्तपरिज्ञा, 6. आतुरप्रत्याख्यान, 7. महाप्रत्याख्यान और 8. आराधना इन आठ प्राचीन श्रुतग्रंथों के आधार पर प्रस्तुत प्रकीर्णक की रचना हुई है। इसमें अंत समय की आराधना का वर्णन है। इसके रचनाकार अज्ञात हे। इसका उल्लेख नंदी एवं पाक्षिक सूत्र में प्राप्त होता है। इसमें

मरण के अतिरिक्त आचार्य के 36 गुणों, आलोचना के दोषों आदि का नाम सहित वर्णन किया गया है। इसका प्राकृत संस्करण धनपतसिंह बाबू मूर्शिदाबाद, 1886, बालाभाई ककलभाई अहमदाबाद 1906, आगमोदय समिति 1926, (छाया सहित), हर्ष पुष्पामृत जैन ग्रंथमाला 1975, महावीर जैन विद्यालय, बम्बई 1984 एवं जैन धर्म प्रसारक सभा 1906 से प्रकाशित हो चुका है। अभी तक इसका हिन्दी अनुवाद प्रकाशित नहीं हुआ है।

2-4-आतुरप्रत्याख्यान - इस नाम से दो और प्रकीर्णक है। प्रस्तुत आतुरप्रत्याख्यान गद्य-पद्य मिश्रित है। इसमें सूत्रों और गाथाओं की कुल संख्या तीस है। इसमें शरीर के ममत्व त्याग, सागार और निरागार प्रत्याख्यान तथा सभी जीवों के प्रति क्षमापना की गयी है। इसके लेखक अज्ञात हैं। दूसरे आतुरप्रत्याख्यान में कुल 34 गाथायें हैं। इसके कर्त्ता भी अज्ञात हैं। इसमें उपोद्घात, अविरति प्रत्याख्यान, मिथ्यादुष्कृत, ममत्वत्याग, शरीर के लिए उपालम्भ, शुभभावना, अरहंतादि स्मरण, पापस्थानक त्याग आदि शीर्षक से विषय का वर्णन किया गया है। तीसरे आतुरप्रत्याख्यान के कर्त्ता वीरभद्र हैं। इसमें कुल 71 गाथायें हैं। इसमें मरण के बालमरण, बाल पण्डित मरण और पण्डित मरण-तीन भेद कर विषय का प्रतिपादन किया गया हैं। ये तीनों आतुरप्रत्याख्यान (मूल) महावीर जैन विद्यालय से पइण्णयसुत्तारं नामक ग्रंथ में प्रकाशित है। वीरभद्र कृत आतुरप्रत्याख्यान के प्रकाशित संस्करण धनपत सिंह बाबु मुर्शिदाबाद, बालाभाई ककलभाई अहमदाबाद, आगमोदय समिति हर्ष पुष्पामृत जैन ग्रन्थमाला, जैनधर्म प्रसारक सभा मुल्तान ऋषिस्मारक समिति, धूलिया से मूल एवं तत्त्व विवेचक सभा (1901) से गुजराती, मनमोहन यशमाला पायधुनी मुंबई (1950) से हिन्दी एवं मनमोहन यशस्मारक (1934) से गुजराती और हिन्दी अनुवाद के साथ प्रकाशित है।

5. महाप्रत्याख्यान - इस प्रकीर्णक का उल्लेख नंदीसूत्र तथा पाक्षिक सूत्र में उपलब्ध होता है। नंदी सूत्र चूर्णि, हरिभद्रीय वृत्ति तथा पाक्षिक सूत्र वृत्ति में इस प्रकीर्णक का परिचय देते हुये कहा गया है - 'महाप्रत्याख्यानम् महच्च तत् प्रत्याख्यानं चेति समासः। थेरकप्पेण जिणकप्पेण वा विहरेत्ता अंते थेरकप्पिया बारस वासे संलेहं करेत्ता, जिणकप्पिया पुण विहारेणेव संलीढ़ा तहावि जहाजुत्तं संलेहं करेत्ता निव्वाघातं सचेदा चेव भवचरिमं पच्चक्खंति, एवं सवित्थरं जत्थऽज्झयणे वण्णिजइ तमज्झयणं महापच्च्क्खाणं।[7] अर्थात् महाप्रत्याख्यान शब्द महान् और प्रत्याख्यान से बना है। स्थविर कल्पी और जिनकल्पी में स्थविरकल्पी विहार के अंत में बारह वर्ष की संलेखना करते हैं, जिनकल्पी विहार के क्रम में जब जैसी आवश्यकता हो संलेखना ग्रहण कर लेते हैं, और अन्त समय तक के लिए प्रत्याख्यान कर लेते हैं। इसका विस्तार पूर्वक जिस अध्यन में वर्णन हो वह महाप्रत्याख्यान है।

महाप्रत्याख्यान में कुल 142 गाथायें हैं। इसमें मंगल अभिधेय के पश्चात् त्रिविद्या व्युत्सर्जना, सर्वजीवक्षमणा, निन्दा-गर्हा आलोचना, ममत्वछेदन, आत्मा का स्वरूप, मूल और उत्तरगुणों में प्रमाद की निन्दा, एकत्वभावना संथोगसम्बन्ध व्युत्सर्जना, असंयम आदि की निन्दा, मिथ्यात्व का त्याग, अज्ञात अपराध की आलोचना का स्वरूप, शल्योद्धरण प्ररूपण, आलोचना का फल, निर्वेद उपदेश, पण्डितमरण का प्ररूपण, पंचमहाव्रत की रक्षा, तप का महात्म्य, अनाराधक का स्वरूप, आराधना का महात्म्य, पाप आदि का प्रत्याख्यान सभी जीवों के प्रति क्षमाभाव, प्रत्याख्यान पालन के फल आदि का विस्तार से वर्णन किया गया है। वर्तमान में इसके प्रकाशित छः संस्करण है-धनपत सिंह बाबु मुर्शिदाबाद, बालाभाई ककल भाई अहमदाबाद, आगमोदय समिति, हर्ष पुष्पामृत जैन ग्रंथमाला, एवं महावीर जैन विद्यालय बम्बई से मूल प्राकृत एवं आगम संस्थान उदयपुर से हिन्दी अनुवाद के साथ हैं। इसके कर्त्ता अज्ञात हैं।

6. संस्तारक - इसके भी कर्त्ता अज्ञात हैं। अंतिम आराधना के प्रसंग में स्वीकार किये जाने वाले दर्भादि आसन को संस्तारक कहा जाता है। इसमें कुल 122 गाथायें हैं। इसमें मंगलाचरण के बाद संस्तारक के गुणों, संस्तारक का स्वरूप, इसके लाभ और सुख की महिमा के वर्णन के बाद संस्तारक ग्रहण करने वालों पुण्यात्माओं के नाम दिये हैं। अन्त में संस्तारक ग्रहण करने की क्षमापणा और भावना का निरूपण है। इस प्रकीर्णक के प्रकाशित सात संस्करण निम्न हैं- धनपत सिंह बाबु मुर्शिदाबाद, बालाभाई-ककल भाई अहमदाबाद, आगमोदय समिति, हर्षपुष्पामृत जैन ग्रंथमाला, महावीर जैन विद्यालय, बम्बई, जैन धर्मप्रसारक सभा से केवल मूल तथा आगम संस्थान उदयपुर से हिन्दी अनुवाद के साथ हैं।

7. चतुःशरण - प्रस्तुत प्रकीर्णक में कुल 27 गाथायें हैं। इसके कर्त्ता का कोई उल्लेख नहीं है। इसकी प्रथम गाथा में कुशलता हेतु चतुःशरण गमन, दुष्कृत गर्हा और सुकृत का अनुमोदन-इन तीन अधिकारों का निर्देश है। इसी अनुसार विषय का प्रतिपादन किया गया है। यह ग्रन्थ केवल महावीर जैन विद्यालय से ही प्रकाशित है।

8. भक्तपरिज्ञा - भक्तपरिज्ञा में 172 गाथायें हैं। इसके कर्त्ता वीरभद्र हैं। इसमें मंगल अभिधेय के पश्चात् ज्ञान का महात्म्य, अशाश्वत सुख की निष्फलता जिनाराधना में शाश्वत सुख, अभ्युदत मरण के तीन भेद, भक्त परिज्ञा मरण के दो भेद, शिष्य द्वारा व्याधिग्रस्त होने पर गुरु से भक्त परिज्ञा मरण की अनुमति मांगना तथा गुरु द्वारा इसकी अनुमति के साथ आलोचना का उपदेश प्रायश्चित पंचमहाव्रत का आरोपण, सामायिक का आरोपण, शिष्य द्वारा क्षैमणादि, गुरु द्वारा अनुशासन का उपदेश, आदि के विस्तृत वर्णन के पश्चात् भक्तपरिज्ञा के महात्म्य का वर्णन किया गया है। यह ग्रन्थ धनपत सिंह बाबु मुर्शिदाबाद, बालाभाई ककलभाई, अहमदाबाद,

आगमोदय समिति, हर्ष पुष्पामृत जैन ग्रन्थमाला, महावीर जैन विद्यालय तथा जैनधर्म प्रसारक सभा से केवल मूल रूप में प्रकाशित है।

9. चतुःशरण कुसलानुबंधी - प्रस्तुत प्रकीर्णक आचार्य वीरभद्र की कृति है। इसमें कुल 63 गाथायें हैं। इसकी प्रथम गाथा में विषय वस्तु का नाम निर्देश इस प्रकार किया गया है - (क) सावद्ययोग की विरति, (ख) उत्कीर्तन, (ग) गुणियों के प्रति विनय, (घ) क्षति की निन्दा, (च) दोषों की चिकित्सा और (छ) गुणाराधना। पुनः इनका अगल-अलग निरूपण किया गया है। तत्पश्चात् चतुर्दश स्वप्न का वर्णन, मंगल अभिधेय, चतुशरण गमन, दुष्कृतगर्हा, सकृतानुमोदन रूप तीन अधिकार हैं। इसके बाद अरिहंत, सिद्ध, साधु और केवलिप्रज्ञप्त धर्म-इन चार आश्रयों का शरण लेने का और जन्म-जन्मान्तर में आत्मा ने यदि कोई दृष्कृत आचरण किया हो तो उसकी निन्दा का निरूपण है। अन्त में चतुःशरण ग्रहण, दुष्कृत गर्हा, सुकृतानुमोदन का फल बताया गया है। यह प्रकीर्णक-धनपत सिंह बाबु मुर्शिदाबाद बालाभाई, ककलभाई अहमदाबाद, आगमोदय समिति, हर्षपुष्पामृत जैन ग्रन्थमाला, महावीर जैन विद्यालय एवं जैन धर्म प्रसारक सभा से मूल रूप में, तत्त्व विवेचक सभा से गुजराती, देवचन्द लालभाई फंड से संस्कृत हीरालाल, हंसराज जामनगर से गुजराती तथा मनमोहन यशस्मारक से हिन्दी अनुवाद के साथ प्रकाशित हो चुका है।

10. प्राचीन आचार्य विरचित आराधना पताका - इस प्रकीर्णक में कुल 932 गाथायें हैं। संपूर्ण ग्रंथ का वर्ण विषय बत्तीस द्वारों में विभक्त हैं। ये हैं-1. संलेखना द्वार, 2. परीक्षा द्वार, 3. निर्यामक द्वार, 4. योग्यत्व द्वार, 5. अगीतार्थ द्वार, 6. असंविग्न द्वार, 7. निर्जरणा द्वार, 8. स्थान द्वार, 9. वसति द्वार, 10. संस्तार द्वार, 11. द्रव्यदान द्वार; 12. समाधिमान विरेक द्वार, 13. गणनिसर्ग द्वार, 14. चैत्यवन्दन द्वार, 15. आलोचना द्वार, 16. व्रतोच्चार द्वार, 17. चतुःशरण द्वार, 18. दुःकृतगर्हा द्वार, 19. सुकृतानुमोदना द्वार, 20. जीवक्षमणा द्वार, 21. स्वजनक्षमणा द्वार, 22. संघक्षमणा द्वार, 23. जिनवरादि क्षमणा द्वार, 24. आशातनाप्रतिक्रमण द्वार, 25. कायोत्सर्ग द्वार, 26. शुक्रस्तव द्वार, 27. पापस्थानव्युत्सर्जन द्वार, 28. अनशन द्वार, 29. अनुशिष्टि द्वार, 30. कवच द्वार, 31. नमस्कार द्वार, 32. आराधनाफल द्वार। इसमें उनतीसवां अनुशिष्टि द्वार 17 प्रतिद्वारों में विभक्त हैं-1. मिथ्यात्व परित्याग अनुशिष्टि प्रतिद्वार, 2. सम्यक्त्वसेवनानुशिष्टि प्रतिद्वार, 3. स्वाध्यायानुशिष्टि प्रतिद्वार, 4. पंचमहाव्रत रक्षानुशिष्टि प्रतिद्वार, 5. मदनिग्रहानुशिष्टि प्रतिद्वार, 6. इन्द्रिय विजयानुशिष्टि प्रतिद्वार, 7. कषायविजयानुशिष्टि प्रतिद्वार, 8. परिषहसनानुशिष्टि प्रतिद्वार, 9. उपसर्गसहनानुशिष्टि प्रतिद्वार, 10. प्रमाद अनुशिष्टि प्रतिद्वार, 11. तपश्चरणानुशिष्टि प्रतिद्वार, 12. रागादि प्रतिशेषानुशिष्टि प्रतिद्वार, 13. निदान वर्तनानुशिष्टि प्रतिद्वार, 14. कुमावनात्यागानुशिष्टि प्रतिद्वार, 15. संलेखना

अतिचार परिहरणानुशिष्टि प्रतिद्वार, 16. द्वादश शुभ भावनानुशिष्टि प्रतिद्वार और, 17. पच्चीस महाव्रत भावना अनुशिष्टि प्रतिद्वार। यह प्रकीर्णक महावीर जैन विद्यालय, बम्बई से मूल में प्रकाशित है।

11. आराधना पताका (वीरभद्र) - यह प्रकीर्णक आचार्य वीरभद्र रचित है। इसमें 989 गाथायें हैं। इसमें समाधिमरण का सांगोपांग वर्णन किया गया है। समाधिमरण के सविचार और अविचार दो भेद में से सविचार भक्त परिज्ञा मरण का विस्तृत विवेचन हैं। प्रारम्भ में मंगल अभिधेय के बाद पीठिका है। पुनः पांच प्रकार के मरण का प्ररुपण करने के बाद वर्णन विषय को चार द्वार-1. परिकर्मविधि द्वार, 2. गणसंक्रमण द्वार, 3. ममत्व उच्छेद द्वार और 4. समाधिलाभ द्वार में वर्गीकृत कर पुनः क्रमशः ग्यारह, दस, दस और आठ प्रतिद्वार में विभक्त किया गया है। प्रथम परिकर्म विधि द्वार के गयारह प्रतिद्वार हैं- 1. 'अर्हं', 2. 'लिंग', 3. शिक्षा, 4. विनय, 5. समाधि, 6. अनियतविहार, 7. परिणाम, 8. त्याग, 9. निःश्रेणी, 10. भावना, 11. संलेखना। द्वितीय गणसंक्रमण द्वार के दस प्रतिद्वार हैं-1. दिशा, 2. क्षमणा, 3. अनुशिष्ट, 4. परगणचर्या, 5. सुस्थितगवेषण, 6. उपसम्पदा, 7. परीक्षा, 8. प्रतिलेखा, 9. आपृच्छना, 10. प्रतीच्छा। तृतीय ममत्व उच्छेदन द्वार के दस प्रतिद्वार हैं- 1. आलोचना, 2. गुण-दोष, 3. शय्या, 4. संस्तारक, 5. निगमिक, 6. दर्शन, 7. हानि, 8. प्रत्याख्यान, 9. क्षमणा, 10. क्षमण।

चतुर्थ समाधि लाभ द्वार के आठ प्रतिद्वार हैं- 1. अनुशिष्ट, 2. सारणा, 3. कवच, 4. समता, 5. ध्यान, 6. लेश्या, 7. आराधना फल और 8. विहान (परित्याग)

सविचार भक्त परिज्ञा मरण के वर्णन के पश्चात् अविचार भक्त परिज्ञा मरण का निरूपण है। इसके 1. निरूद्ध, 2. निरूद्धत्तर और 3. परम निरूद्ध तीन भेद कहे गये हैं। जंघाबल के क्षीण हो जाने पर अथवा रोगादि के कारण कृश शरीर वाले साधु का गुफादि में होने वाला मरण निरूद्ध अविचार भक्त परिज्ञा मरण है। व्याल, अग्नि, व्याघ्र, शूल, मूर्च्छा, विभूचिका आदि के कारण अपनी आयु को कम जानकर मुनि का गुफादि में मरण निरूद्धत्तर अविचार भक्त परिज्ञा मरण है। भिक्षु की वाणी वातादि के कारण अवरूद्ध होने पर आयु को समाप्त जानकर मृत्यु का शीघ्र वरण करना परम निरूद्ध अविचार भक्त परिज्ञा मरण है।[8]

भक्त परिज्ञा मरण के पश्चात् इंगिनीमरण का वर्णन किया गया है। इसका प्रतिपादन करते हुए कहा गया है कि भक्त परिज्ञा मरण में उपक्रम वर्णित हैं, वे ही उपक्रम यथायोग्य इंगिनीमरण में हैं। इसमें देव, मनुष्य आदि कृत उपसर्ग या किन्नर, किंपुरुष, देवकन्याएं एवं सभी पुद्गल के दुःखरूप हो जाने पर भी आराधक विचलित हुए बिना स्वयं ही आकुंचन, प्रसारण, उच्चारादि की क्रियाएं करता है।[9]

इसके पश्चात् संक्षेप में पादोपगमन मरण का वर्णन कर अन्त में आराधना फल प्रतिपादन किया गया है।

प्रकाशित संस्करण - यह प्रकीर्णक केवल महावीर जैन विद्यालय बम्बई से (पइण्णय सुत्ताइं भाग-2) मूलरूप में प्रकाशित है।

12. पर्यन्ताराधना - प्रस्तुत प्रकीर्णक अज्ञात मुनि की कृति है। इसमें कुल 263 गाथायें हैं। इसका अपरनाम आराधना सार भी हैं। मंगलाचरण के पश्चात् विषय वस्तु का वर्णन 24 द्वारों में विभक्त कर किया गया है। ये चौबीस द्वार हैं-1. संलेखना, 2. स्थान, 3. विकटना, 4. सम्यक्, 5. अणुव्रत, 6. गुणव्रत, 7. पापस्थान, 8. सागार, 9. चतुःशरण गमन, 10. दुष्कृत गर्त, 11. सुकृतानुमोदन, 12. विषय, 13. संघादि, 14. चतुर्गति जीवक्षमणा, 15. चैत्य-नमनोत्सर्ग, 16. अनशन, 17. अनुशिष्ट, 18. भावना, 19. कवच, 20. नमस्कार, 21. शुभध्यान, 22. निदान, 23. अतिचार और 24. फलद्वार।

इसके प्रकाशित संस्करण हैं-1. बालाभाई ककलभाई अहमदाबाद (मूल), 2. महावीर जैन विद्यालय, बम्बई (मूल), 3. विजयसिद्धिसूरि ग्रन्थमाला (मूल), 4. मनमोहन यशमाला मुंबई (मूल तथा अंग्रेजी, हिन्दी अनुवाद, दो संस्करण)।

13. आराधना पंचक - प्रस्तुत प्रकीर्णक में 335 गाथायें हैं। यह प्रकीर्णक स्वतंत्र ग्रंथ न होकर उद्योतनसूरि के 'कुवलयमाला' से उदृत्त अंश हैं। परन्तु महावीर जैन विद्यालय से प्रकाशित पइण्णय सुत्ताईं भाग-2 में प्रकीर्णक के रूप में संकलित है। इसमें अन्तकृत केवलियों के नाम निर्देशपूर्वक कर्मक्षमणा का निरूपण किया गया है। इसके पश्चात् भगवान महावीर की प्रेरणा से मणिरथ मुनि एवं दूसरे अन्य-कामगजेन्द्र मुनि, वज्रगुप्तमुनि एवं स्वयम्भुदेव मुनि का संलेखनाग्रहण ज्ञान, दर्शन, चरित्र और वीर्य की आराधना पंचमहाव्रत रक्षा-ममत्व त्याग, संर्वजीव क्षमापणा, दोषप्रतिक्रमण, पण्डितमरण की प्रेरणा से उसकी आराधना तथा उनके सिद्धिगमन का विस्तार से वर्णन किया गया है।

14. आराधना प्रकरण - इस प्रकीर्णक के कर्त्ता श्री अभयदेव सूरि हैं। इसमें 85 गाथायें हैं। यह ग्रंथ मरण विधि के छः द्वारों में विभक्त कर रचा गया है। छः द्वार हैं-1. आलोचना द्वार, 2. व्रतोच्चार द्वार, 3. क्षमणाद्वार, 4. अनशन द्वार, 5. शुभ भावना द्वार, 6. नमस्कार भावना द्वार। यह ग्रंथ केवल महावीर जैन विद्यालय से प्रकाशित 'पइण्णयसुत्ताइं' के भाग-2 में मूलरूप से संकलित है।

15. जिनशेखर श्रावक प्रति सुलसाश्रावक कारापित आराधना - इस प्रकीर्णक में 74 गाथायें हैं। इसमें प्रत्यासन्न मरण-प्रेरणा अर्थात् अन्त सन्निकट होने पर अनशन की प्रेरणा,

अरहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधुओं का स्वरूप-निरूपण एवं उनकी वन्दना, नमस्कार-महात्म्य तथा मंगल चतुष्क, लोकोत्तम-चतुष्क, शरणचतुष्क, आलोचना और व्रतोच्चार का निर्देश है। अंत में सर्व जीवों की क्षमापणा तथा वेदना सहने और अनशन करने का उपदेश है। यह प्रकीर्णक भी केवल महावीर जैन विद्यालय, से पइण्णयसुत्ताइं भाग-2 में संकलित है।

16. नन्दनमुनि आराधित आराधना - इसमें कुल 40 गाथायें हैं। यह संस्कृत भाषा में लिखा गया है। इस प्रकीर्णक में नन्दनमुनि कृत दुष्कृत गर्हा, सर्वजीव क्षमणा, शुभ भावना, चतुःशरण ग्रंथ, पंचपरमेष्ठि नमस्कार, अनशन प्रतिपत्ति रूप छः प्रकार की आराधना का वर्णन किया गया है। इस प्रकीर्णक का भी एक मात्र संस्करण महावीर जैन विद्यालय से प्रकाशित है।

17. आराधना कुलक - यह सभी प्रकीर्णकों में सबसे छोटा है। इसमें मात्र 8 गाथायें हैं। यह प्रकीर्णक व्रतोच्चार, जीव क्षमणा, पापस्थानत्याग, दुःकृत निन्दा, सुकृतानुमोदन, चतुःशरण ग्रहण, एकत्व भावना का निर्देश मात्र है। इसके कर्त्ता अज्ञात है तथा यह भी केवल महावीर जैन विद्यालय से प्रकाशित है।

18-19. मिथ्यादुष्कृत कुलक - इस शीर्षक से दो प्रकीर्णक उपलब्ध है। दोनों के कर्त्ता अज्ञात हैं तथा दोनों का प्रारम्भ मंगलाचरण से न होकर विषय से है। एक में 15 तथा दूसरे में 17 गाथायें हैं। प्रथम में आराधक द्वारा चारों गतियों के सभी जीवों से अलग-अलग क्षमापणा की गयी है। पंचपरमेष्ठि की निन्दा, दर्शन-ज्ञान-चारित्र और सम्यक्त्व की विराधना, चतुर्विध संघ की अवमानना, महाव्रतों और अणुव्रतों के प्रति स्खलना की निन्दा की है।

दूसरे में आराधक द्वारा संसार-चक्र में विविध योनियों में भ्रमण करते समय जिन-जिन प्राणियों को दुःख दिया गया उनके प्रति क्षमापणा की गयी है। विभिन्न भवों के परिजनों के त्याग के प्रति, राग-द्वेषवश हुए एकेन्द्रिय जीवों का वध, मृषावाद भाषण, परिग्रह, मिथ्यात्व मोह से मूढ़ हो साधु-सेवा, साधार्मिक वात्सल्य एवं चातुर्विध संघ की अभक्ति के प्रति मिथ्यादुष्कृत किया गया है। ये दोनों प्रकीर्णक भी केवल महावीर विद्यालय से प्रकाशित है।

20. आलोचना कुलक - इसमें 12 गाथायें हैं। इसके कर्त्ता अज्ञात है। इसमें विविध प्रकार के दुष्कृतों की आलोचना की गयी है तथा आलोचना का महात्म्य बताया गया है। इस ग्रंथ का भी महावीर जैन विद्यालय से एक मात्र संस्करण प्रकाशित है।

21. आत्मविशोधिकुलक - इस प्रकीर्णक में भी लोक के समस्त प्राणियों के प्रति हुए समस्त प्रकार के दुष्कृतों की निन्दा की गयी है। इसमें आहार और समस्त शारीरिक क्रियाओं के त्याग का निर्दश किया गया है। अन्त में आलोचना द्वारा आत्म विशुद्धि का माहात्म्य बताया गया

है। इसमें कुल 24 गाथायें हैं और इसका भी एकमात्र संस्करण महावीर जैन विद्यालय से प्रकाशित हे।

22. कवच - यह प्रकीर्णक जिन चन्द्र सूरि की रचना है और प्राचीन आगम आलापकों के संकलन होने से प्रामाणिक है। इनका अभी तक मुद्रण प्रकाशन नहीं हुआ है। इसमें 129 गाथायें हैं। इसमें पंडितमरण से संबंधित विषय का प्रतिपादन किया गया है।

इस प्रकार उपलब्ध प्रकीर्णकों में 22 ऐसे हैं जिनमें किसी न किसी प्रकार से समाधि मरण से सम्बन्धित विषय वस्तु ही प्राप्त होती है। इसके अतिरिक्त जो प्रकीर्णक हैं -वे भिन्न-भिन्न विषयों को लेकर रचे गये हैं। वे इस प्रकार हैं-

23. देवेन्द्रस्तव - प्रस्तुत प्रकीर्णक स्थविर ऋषिपालित की कृति है। इसका निर्देश नन्दीसूत्र और पाक्षिक सूत्र में प्राप्त होता है। इसमें कुल 311 गाथायें हैं। ग्रन्थ का प्रारम्भ तीर्थंकर ऋषभ से लेकर महावीर तक की स्तुति से किया गया है। तत्पश्चात् बत्तीस देवेन्द्रों का क्रमशः विस्तारपूर्वक विवेचन किया गया है। इसमें असुरकुमार, नागकुमार, सुवर्णकुमार, द्वीपकुमार, उदधिकुमार, दिशाकुमार, वायुकुमार, स्तनितकुमार, विधुतकुमार और अग्निकुमार-दस भवनपतिदेवों, चमरेन्द्र, घरणेन्द्र आदि बीस भवनपति इन्द्रों का नामोल्लेख है।[10] तत्पश्चात् इनकी स्थिति, आयु, भवन संख्या एवं आवास आदि का निरूपण है। इसके पश्चात् वाणव्यन्तरों, ज्योतिष्कों, वैमानिकों एवं अन्त में सिद्धों का विस्तार से वर्णन हे। इसके संस्करण धनपतिसिंह बाबु मुर्शिदाबाद, बालाभाई ककलभाई अहमदाबाद, आगमोदय समिति, हर्ष पुष्पामृत जैन ग्रन्थमाला, महावीर जैन विद्यालय से मूल एवं आगम संस्थान उदयपुर से हिन्दी अनुवाद के साथ प्रकाशित है।

24. तंदुलवैचारिक - यह प्रकीर्णक गद्य-पद्य मिश्रित है। इसमें सूत्रों और गाथाओं की कुल संख्या 177 है। इसके गद्य भाग भगवती सूत्र से भी लिये गये हैं। इसका उल्लेख उत्कालिक सूत्र के अंतर्गत है। 'तंदुलवेचारिक' प्रकीर्णक में मुख्यरूप से मानव जीवन के सभी पक्षों-गर्भावस्था, मानव शरीर रचना, उसकी सौ वर्ष की आयु के दस विभाग-1. बाला, 2. क्रीड़ा, 3. मंदा, 4. बला, 5. प्रज्ञा, 6. हायणी, 7. प्रपंचा, 8. प्राग्भारा, 9. मुन्मुखी और 10. शायनी। उनमें होने वाली शारीरिक स्थितियां एवं उसके आहार आदि के बारे में विस्तृत विवेचन किया गया है। स्त्रियों के दुर्गुणों को प्रतिपादित करने के उपरांत अंत में धर्म के माहात्म्य को स्थापित किया गया है। यह ग्रंथ धनपत सिंह बाबुमुर्शिदाबाद, बालाभाई ककलभाई अहमदाबाद, आगमोदय समिति, हर्ष पुष्पामृत जैन ग्रन्थमाला एवं महावीर जैन विद्यालय, बम्बई से मूल रूप में एवं देवन्द्र लालभाई फंड से संस्कृत, सेठिया पा. संस्था बीकानेर से संस्कृत, हिन्दी, हेम्बर्ग ग्लैजनप, शुब्रिंग जर्मनी से संस्कृत एवं आगम संस्थान उदयपुर से हिन्दी अनुवाद के साथ इसके मूल रूप में प्रकाशित है।

25. चन्द्रक वेध्यक - इसमें 175 गाथायें हैं। जैसा कि इसके नाम से स्पष्ट है कि इस ग्रंथ में आचार के जो नियम बताये गये हैं उनका पालन कर पाना चन्द्रवेध (राध-वेध) के समान ही कठिन है। जिस प्रकार प्रवीण धनुर्धारी यंत्र में फिरती पुतली की आंख भेदने में समर्थ है वैसे ही अप्रमत्त साधक दुर्गति को दूर हटा देता है। इस ग्रंथ के कर्त्ता अज्ञात है। इसके निम्नलिखित प्रकाशित संस्करण है -धनपत सिंह बाबु मुर्शिदाबाद, हर्ष पुष्पामुत जैन ग्रंथमाला, महावीर जैन विद्यालय से मूल, केशरबाई ज्ञानमंदिर पाटण से संस्कृत, काया, पेरिस से अंग्रेजी, कलपूर्णसूरि से गुजराती एवं आगम संस्थान उदयपुर से हिन्दी अनुवाद के साथ मूलग्रंथ।

26. गणिविद्या - इसमें 86 गाथायें हैं। इसके रचनाकार अज्ञात है । इस प्रकीर्णक का परिचय नन्दीसूत्र चूर्णि में इस प्रकार है। गण अर्थात् बाल और वृद्ध मुनियों का गच्छ, वह गण जिसके नियंत्रण में है वह गणि, विद्या का अर्थ है ज्ञान, ज्योतिष-निमित्त विषय के ज्ञान से दीक्षा, सामायिक, व्रतोपस्थापना, श्रुतसंबंधित उद्देश्य समुदेश की अनुज्ञा, गण का आरोपण, दिशा की अनुज्ञा तथा क्षेत्र से निर्गमन और प्रवेश आदि कार्य जिस तिथि, करण, नक्षत्र, मुहूर्त और योग में करने के लिए निर्देश जिस अध्ययन में है, वह गणिविद्या है।[11]

प्रस्तुत ग्रंथ में दिवस, तिथि, नक्षत्र, करण, ग्रह, मुहूर्त्त, शकुनबल, लग्नबल और निमित्तबल इन नौ विषयों का निरूपण विस्तारपूर्वक किया गया है। यह प्रकीर्णक मूलरूप में धनपतिसिंह बाबु मुर्शिदाबाद, बालाभाई ककलभाई अहमदाबाद, आगमोदय समिति, हर्ष पुष्पामृत जैन ग्रंथमाला तथा महावीर जैन विद्यालय से एवं हेम्बर्ग ग्लैजनप से संस्कृत और आगम संस्थान उदयपुर से हिन्दी अनुवाद के साथ प्रकाशित है।

27. ऋषिभाषित - प्रस्तुत प्रकीर्णक कुल 45 अध्ययनों में विभक्त है। इन पैंतालीस अध्यायों में से प्रत्येक में एक ऋषि का उपदेश संकलित है। इस प्रकार यह ग्रंथ पैंतालीस ऋषियों के उपदेश का संकलन है। जिस अध्याय में जिस ऋषि का उपदेश है, वह अध्याय उन्हीं के नाम से है। ये पैंतालीस अध्याय या ऋषि निम्न है - 1. देवऋषि नारद, 2. बज्जीयपुत्त (वात्सीय पुत्र), 3. असितदेवल, 4. अंगिरस भारद्वाज, 5. पुष्पशाल पुत्र, 6. बल्कलचीरी, 7. कुम्भापुत्र, 8. केतलीपुत्त, 9. महाकश्यप, 10. तेतलीपुत्र, 11. मंखलिपुत्र, 12. याज्ञवल्क्य, 13. मेतेज्ज भयालि, 14. बाहुक, 15. मधुरायन, 16. शोर्यायण, 17. विदुर, 18. वारिषेणकृष्ण, 19. आरियायन, 20. उत्कट, 21. गाथापतिपुत्र तरूण, 22. गर्दभालि, 23. रामपुत्र, 24. हरिगिरि, 25. अम्बड परिव्राजक, 26. मातंग, 27. वास्तक, 28. आर्द्रक, 29. वर्द्धमान, 30. वायु, 31. अर्हत्पार्श्व, 32. पिंग, 33. महाशालपुत्र, 34. ऋषिगिरि, 35. उद्दालक, 36. नारायण, 37. श्रीगिरि, 38. सारिपुत्र, 39. संजय ऋषि, 40. द्वेपायन ऋषि, 41. इन्द्रनाग, 42. सोम, 43. यम, 44. वरूण और 45. वैश्रमण। प्रस्तुत प्रकीर्णक

प्राचीनतम है। इसका नाम निर्देश समवायांग में भी प्राप्त होता है। इसके प्रकाशित संस्करण हैं -महावीर जैन विद्यालय एवं ऋषभदेव केसरीमल, रतलाम से मूलरूप में तथा लालभाई, दलपतभाई अहमदाबाद एवं शुब्रिंग जर्मनी से संस्कृत, अंग्रेजी, सुधर्मज्ञानमंदिर बम्बई एवं प्राकृत भारती व जयपुर से हिन्दी अनुवाद सहित।

28. द्वीप सागर प्रज्ञप्ति - प्रस्तुत प्रकीर्णक में 225 गाथायें हैं। इसके कर्त्ता अज्ञात है। इसमें मनुष्य क्षेत्र अर्थात् ढ़ाई द्वीप के आगे के द्वीप एवं सागरों की संरचना का वर्णन किया गया है। इसमें मानुषोत्तर पर्वत नलिनोदक आदि सागर, नन्दीश्वर द्वीप, अंजन पर्वत, दधिमुख पर्वत, रतिकर पर्वत, कुण्डद्वीप, कुण्डल पर्वत, कुण्डल समुद्र, रूपक द्वीप, रूचक नग, रूचक नग के कूट, दिशा कुमारियां एवं उनके स्थान, दिग्गजेन्द्र, जम्बूद्वीप आदि द्वीप और लवण समुद्र आदि समुद्रों के अधिपति देव, तेगिच्छी पर्वत एवं चमरचंचा राजधानी का विस्तार से निरूपण किया गया है।

इस प्रकीर्णक के प्रकाशित संस्करण हैं-

महावीर जैन विद्यालय से मूल एवं चंदन सागर ज्ञान भंडार बैजलपुर एवं आगम संस्थान उदयपुर से हिन्दी अनुवाद के साथ।

29. वीरस्तव - प्रस्तुत प्रकीर्णक में 43 गाथायें है। इसमें महावीर की स्तुति उनके छब्बीस नामों द्वारा की गयी है। प्रथम गाथा में मंगल और अभिधेय है। तत्पश्चात् महावीर के छब्बीस नामों को गिनाया गया हैं, जो इस प्रकार हैं- 1. अरूह, 2. अरिहंत, 3. अरहंत, 4. देव, 5. जिण, 6. वीर, 7. परमकारूणिक, 8. सर्वज्ञ, 9. सर्वदर्शी, 10. पारग, 11. त्रिकालिविद, 12. नाथ, 13. वीतराग, 14. केवली, 15. त्रिभुवन गुरु, 16. सर्व, 17. त्रिभुवन वरिष्ठ, 18. भगवन्, 19. तीर्थंकर, 20. शुक्र-नमस्कृत, 21. जिनेन्द्र, 22. वर्द्धमान, 23. हरि, 24. हर, 25. कमलासन और 26. बुद्ध। इसके आगे इन नामों का अन्वयार्थ किया गया हैं। इनमें अरिहंत के तीन, अहरंत के चार, भगवान के दो तथा शेष के एक-एक अन्वयार्थ हैं। इस ग्रंथ के प्रकाशित संस्करण हैं-हर्ष पुष्पामृत-जैन ग्रन्थमाला एवं महावीर जैन विद्यालय मूल एवं आगम संस्थान उदयपुर से हिन्दी अनुवाद सहित।

30. गच्छाचार - इस प्रकीर्णक में 137 गाथायें हैं। यह प्रकीर्णक छेद सूत्रों के आधार पर रचा गया है। यह ग्रंथ आगम-विहित मुनि-आचार का समर्थक और शिथिलाचार का विरोधी है। इस ग्रंथ का उल्लेख सर्वप्रथम विधिमार्गप्रपा (जिनप्रभ, 13वीं शताब्दी) में प्राप्त होता है। इसमें मंगल अभिधेय के पश्चात् उन्मार्गगामीगच्छ में संवास से हानि सदाचारी गच्छ में संवास के गुण, आचार्यस्वरूप का वर्णन, साधुस्वरूप का वर्णन, आर्यास्वरूप का वर्णन कर अन्त में ग्रंथ का उपसंहार किया गया है। प्रस्तुत प्रकीर्णक के प्रकाशित सात संस्करण हैं। ये हैं-बालाभाई ककलभाई

अहमदाबाद, आगमोदय समिति, हर्ष-पुष्पामृत जैन ग्रंथमाला, महावीर जैन विद्यालय से मूल रूप में और दयाविमल जैन ग्रन्थमाला से संस्कृत, भूपेन्द्र साहित्य समिति आरौह से संस्कृत एवं हिन्दी तथा आगम संस्थान उदयपुर से हिन्दी अनुवाद सहित।

31. सारावली - इसमें 116 गाथायें हैं। इस ग्रंथ में पुण्डरीक अर्थात् शत्रुन्जय तीर्थ का स्तवन किया गया है। इसके प्रारम्भ में कहा गया है कि जिस भूमि पर पंच परमेष्ठियों का विचरण होता है, उसे देव और मनुष्यों के लिए पूज्य माना जाता है।[12] धातकी खण्ड के नारद ऋषि का दक्षिण भारत क्षेत्र में स्थित पुण्डरीक शिखर पर देवों का प्रकाश देखकर पुण्डरीक शिखर की पूजा के कारण व ज्ञात करने के उद्देश्य से अतिमुक्तक कुमार के पास जाते हैं। अतिमुक्तक कुमार केवलि से जिज्ञासा करने पर वे इसकी उत्पत्ति, पूज्य होने और नाम पड़ने का कारण बताते हैं। तीर्थोत्पत्ति की कथा के पश्चात् यहां सिद्ध होने वाले अनेक आत्माओं का वर्णन हैं। पुण्डरीक पर्वत की महिमा, ज्ञान-जीव के प्रति दया का फल, इसमें दान न देने से दुःख और दान देने से सुख की प्राप्ति का विवेचन है। अन्त में सारावली प्रकीर्णक के लेखन का फल बताया गया है। इसका एक मात्र प्रकाशित संस्करण महावीर जैन विद्यालय का है।

32. ज्योतिष करण्डक - इस प्रकीर्णक के वृत्तिकार मलयगिरि के वृत्ति के अन्तः साक्ष्य से मुनि पुण्य विजयजी ने निष्कर्ष निकाला है कि यह पादलिप्ताचार्य की रचना है। इसमें 405 गाथायें हैं। इसमें ज्योतिष सम्बन्धी 23 अधिकार हैं जो निम्न हैं-1. काल प्रमाण, 2. मान अधिकार, 3. अधिकमास निष्पत्ति, 4. अवमरात्र, 5-6. पर्व-तिथि समाप्ति, 7. नक्षत्र परिमाण, 8. चन्द्र-सूर्य परिमाण, 9. नक्षत्र, चन्द्र, सूर्य गति, 10. नक्षत्र योग, 11. मण्डल विभाग, 12. अमन, 13. आवृत्ति, 14. मण्डल मुहूर्तगति, 15. ऋतुपरिमाण, 16. विषुकृत प्रामृत, 17. व्यतिपात-प्राभृत, 18. ताप क्षेत्र, 19. दिवस-वृद्धि हानि, 20. अमावस्या, 21. पूर्णिमा-प्राभृत, 22. प्रणष्टपर्व एवं 23. पौरुषी परिमाण। यह ग्रंथ जैन धर्म प्रसारक सभा एवं ऋषभदेव केसरीमल, रतलाम से मूल एवं संस्कृत के साथ प्रकाशित है।

33. तित्थोगाली - प्रस्तुत प्रकीर्णक का उल्लेख सर्वप्रथम व्यवहार भाष्य (छठी-शताब्दी) में प्राप्त होता है। इसकी किसी प्रति में 1233 और किसी में 1261 गाथायें प्राप्त होती हैं। इसमें वर्तमान अवसर्पिणी काल के प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव से लेकर चौबीसवें तीर्थंकर महावीर तक के विवरण का विवेचन किया गया है। इसमें उत्सर्पिण-अवसर्पिणी काल और उसके छः-छः आरों का विस्तृत निरूपण किया गया है। अवसर्पिणी काल में प्रत्येक आरे में मनुष्यों की आयु, शरीर की शक्ति, ऊंचाई, बुद्धि, शौर्य आदि का क्रमशः ह्रास होता हुआ बतलाया गया है। ग्रंथ में चौबीस तीर्थंकरों, बलदेव, कसुदेव आदि शलाकापुरुषों के पूर्वभवों के नाम, उनके माता-पिता आचार्य नगर आदि का वर्णन है। ग्रन्थानुसार जिस रात्रि में तीर्थंकर महावीर निर्वाण को प्राप्त

हुए, उसी रात्रि में पालक राजा का राज्याभिषेक हुआ। इसमें पालक मरूत, पुष्पमित्र, बलमित्र, भातुमित्र, नभःसेन, गर्दभ एवं दुष्टबुद्धि राजा के जन्म एवं सबके राज्य का वर्णन किया गया है, जो इतिहास की दृष्टि से काफी महत्त्वपूर्ण है। इसमें जैन काल, खगोल, भूगोल का भी वर्णन हैं। सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह है कि श्वेताम्बर परम्परा में यही एक मात्र ऐसा ग्रंथ है जिसमें आगम ज्ञान के क्रमिक उच्छेद की बात कही गयी है। इसमें तीर्थंकर महावीर से लेकर भद्रबाहु स्वामी या स्थूलभद्र तक की पट्ट-परम्परा का उल्लेख किया गया है। अन्त में बारह आरो विविध धर्मोपदेश और सिद्धों का स्वरूप विस्तृत रूप से निरूपित है। प्रस्तुत प्रकीर्णक महावीर जैन विद्यालय से मूल एवं कल्याण विजय, जालौर से हिन्दी अनुवाद के साथ प्रकाशित है पर यह संस्करण अब उपलब्ध नहीं है।

34. अंगविद्या - भारतीय वाङ्मय में यह अपने ही तरह का ग्रंथ है। इसमें कुल 9000 ग्रंथ एवं 60 अध्ययन हैं। इसमें मनुष्य की शारीरिक क्रिया व चेष्टा के आधार पर फलादेश दिये गये हैं। यह मानस व अंगशास्त्र निमित्त की अतिदीर्घकाय रचना है। इसके कर्त्ता अज्ञात है। इस पर हरिभद्र की वृत्ति है। इसका एक मात्र प्रकाशित संस्करण प्राकृत ग्रंथ परिषद् का है। प्रो. वासुदेव शरण अग्रवाल ने (यतीन्द्रसूरि आमनन्दन ग्रंथ) उसकी भूमिका में इस पर एक लंबा लेख लिखा था जो काफी महत्त्वपूर्ण है और अंगविद्या के सभी पहलुओं का गंभीर विश्लेषण करता है।

35. अजीवकल्प - यद्यपि महावीर जैन विद्यालय बम्बई से प्रकाशित पइण्णयसुत्ताइं की प्रस्तावना में 22 प्रकीर्णकों में इसका नाम है परन्तु यह मुद्रित नहीं है। अन्य कोई दूसरा संस्करण भी प्राप्त नहीं होता है। यद्यपि जैसलमेर, पाटण आदि भंडारों में यह है। इसका वर्ण्य विषय साधु-समाचारी (एषणा समिति) है।

36. तिथि प्रकीर्णक - जैन ग्रंथावली में इसका पूना में उपलब्ध होना लिखा है। पर कहीं भी इसकी खोज नहीं की जा सकी है।

37. सिद्धप्राभृत - वृत्ति सहित इसकी मूल प्रतियां खंभात व जैसलमेर के भंडारों में प्राप्त है। इसका संस्करण-आत्मानंद सभा, भावनगर से भी प्रकाशित है। इसमें 120 गाथायें हैं। इसमें शीर्षकानुसार ही सिद्धों का वर्णन किया गया है।

38. अंगचूलिका - इसमें 800 ग्रंथांक (श्लोक) हैं। यह यशोभद्र की रचना है। इसका उल्लेख ठाणं, व्यवहार, नंदीसूत्र व पाक्षिक सूत्र में प्राप्त होता है, पर यह अभी तक अमुद्रित है। इसकी प्रतियां कई भंडारों में भी उपलब्ध है। इसमें साधु द्वारा आगम स्वाध्याय विधि नियम और उसकी विषय वस्तु का वर्णन हैं। उपाध्याय यशोविजयजी आदि ने इसके आधार पर सज्झायों की रचना की है।[13]

39. जीवविभक्ति - इसमें 25 गाथायें हैं। यह भी अभी अप्रकाशित है। इसके कर्त्ता भी जिनचन्द सूरि है। इसमें शीर्षकानुसार जीव बोल थोकड़े दिये गये हैं।

40. पिण्डविशुद्धि - प्रस्तुत प्रकीर्णक आचार्य जिनबल्लभ की कृति है। इसमें 103 गाथायें हैं। इस ग्रंथ में साधु आहार एवं समाचारी नियम का विस्तृत वर्णन किया गया है। इस पर यशोदेव, उदयसिंह, चंद्रसूरि एवं कनक कुशल की वृत्ति है। इसके संस्करण-विजयदान ग्रंथमाला सूरत से संस्कृत, जिनदत्तसूरि, ज्ञानभंडार, मुम्बई से गुजराती एवं मनमोहन यशमाला, मुम्बई से संस्कृत अनुवाद के साथ प्रकाशित हैं।

41. बंगचूलिका - इसमें 109 गाथायें हैं। यह यशोभद्र की रचना है। इसका एकमात्र संस्करण .. एम. मडयाता, फलोदी से प्रकाशित है। यद्यपि जौहरीमल पारख के अनुसार इसका मुद्रित पाठ संतोषजनक नहीं है।[14]

42. योनिप्राभृत - इसमें 800 ग्रंथांक (श्लोक, 32 अक्षर का) है। यह दिगम्बराचार्य धरसेन की रचना है और श्वेताम्बरों में प्रकीर्णक रूप में मान्य है। इसकी मात्र ताड़पत्रीय प्रति पूना में है। अब वह खंडित अवस्था में है। विषयवस्तु शीर्षकानुसार है।[15]

43. जंबूचरित प्रकीर्णक - इस नाम के दो ग्रंथ हैं। एक जंबूस्वामी का चरित्र है जो 31 अध्यायों में पद्मसुंदर द्वारा संकलित हे। बहुत से विद्वान इसे ही प्रकीर्णक मानने के पक्ष में हैं। दूसरा ग्रंथ जंबूप्रकरण या जंबूद्वीप समान के नाम से मिलता है। इसमें जंबूद्वीप का भूगोल है। इसकी कई प्रतियां भंडारों में हैं। इसमें 127 गाथायें हैं। इन दोनों में से किसी का मुद्रण अभी तक नहीं हुआ हैं। जिन रत्नकोश में जंबूचरित्र के तीन और नाम मिलते हैं-आलापक स्वरूप, जम्बू द्रष्टांत और जम्बू अध्ययन जो प्रकीर्णक होने के द्योतक हैं।[16]

उपरोक्त 43 प्रकीर्णकों के अतिरिक्त कुछ प्रकीर्णक हैं जो वर्तमान में प्राप्त नहीं हैं। यद्यपि उनके नाम यत्र-तत्र मिलते हैं। इनकी संख्या 45 हैं। इसके नाम व जहां प्रमाण प्राप्त हैं उसका विवरण निम्न प्रकार हैं-

क्र.	नाम	प्रमाण	क्र.	नाम	प्रमाण
44.	अरूणोपपात	ठा. नं. पा. व्य.	45.	आत्मविभक्ति	पा. योगनन्दी
46.	आत्मविशुद्धि	नं., पा.	47.	उत्थानश्रुत	व्य., नं. प्रा.
48.	आशी विषभावना	व्य, पा., योगनन्दी	49.	कल्पाकल्प	नं., पा., ध.
50.	कल्पिका	नं., पा.	51.	कृतिकर्म	ध., 97
52.	क्षुल्लिकाविमानप्रर्ववभक्ति	ठा., न., पा., व्य.	53.	गरूड़ोपात	ठा., नं., पा., व्य.

54. चरणविधि	नं., पा.	55. चारणस्वप्न भावना	व्य., पा., योगनंदी
56. चुल्लकल्पश्रुत	नं., पा.	57. तेजोनिसर्ग	व्य., पा., योगनंदी
58. दीर्घदशा	ठा. 755	59. दृष्टिविषभावना	व्य., पा., योगनंदी
60. देवेन्द्रोपपात	व्य., नं., पा.	61. द्विगिद्विदिशा	ठा. 755
62. धरणोपपात	व्य., नं., पा.	63. ध्यानविभक्ति	नं., पा.
64. नागपरिज्ञापनिका	व्य., नं., पा.	65. पुण्डरीक	ध.
66. पोरुषीमण्डल	नं., पा.	67. प्रमादाप्रमाद	नं., पा.
68. बन्धदशा	ठा. 755	69. मण्डलप्रवेश	नं., पा.
70. मरणावशुद्धि	योगनंदी	71. महतो विमानप्रविभक्ति	व्य., नं., पा., ठा.
72. महाकल्पश्रुत	नं., पा., ध.	73. महापुण्डरीक	ध.
74. महाप्रज्ञापना	नं., पा.	75. महास्वप्नभावना	व्य., पा., योगनंदी
76. वरुणोपपात	व्य., नं., पा., ठा.	77. विद्याचरणविनिश्चय	नं., पा.
78. विहारकल्प	नं., पा.	79. वीतरागश्रुत	नं., पा.
80. वृष्णिका	नं., पा., योगनंदी	81. वेलन्धरोपपात	व्य., नं., पा., ठा.
82. वैनयिक	ध.	83. वैश्रमणोपपात	नं., पा., ध., ठा.
84. वियाहचूलिका	व्य., नं., पा., ध., ठा.	85. संक्षपित दशा	ठा. 755
86. संग्रहणी	विधि.	87. समुल्यानश्रुत	व्य., नं., पा. और
88. संलेखना	नं., पा.।		

इस प्रकार कुल उपलब्ध और अनुपलब्ध (पर प्रमाण सहित) प्रकीर्णकों की कुल संख्या 88 हैं।

वर्तमान में श्वेताम्बर तेरापंथी और स्थानकवासी सम्प्रदाय प्रकीर्णकों को आगम-साहित्य के अन्तर्गत मान्य नहीं करते हैं तथा मूर्तिपूजक सम्प्रदाय भी केवल दस प्रकीर्णक को ही आगमों के अन्तर्गत मान्य करता है। दिगम्बर सम्प्रदाय के अनुसार षट्खण्डागम और कसायपाहुड को छोड़ शेष आगमों का लोप हो चुका है। इन परिस्थितियों में प्रकीर्णक साहित्य का अधिकांश भाग उपेक्षित रहा है। कुछ ही प्रकीर्णकों का अनुवाद सीमित संस्थानों द्वारा हो पाया है यद्यपि इसके वृहद् अध्ययन की आवश्यकता है। ऋषिभाषित पर जर्मनी से प्रकाशित संस्करण में शुब्रिंग ने

इसकी भूमिका में इसके ऐतिहासिक महत्त्व पर प्रकाश डाला है। प्रो. सागरमल जैन की पुस्तक ऋषिभाषित : एक अध्ययन में भी जैन साहित्य के ऐतिहासिक विकास क्रम में प्रस्तुत प्रकीर्णक की महत्त्वपूर्ण भूमिका को उजागर किया गया है। इनकी विषयवस्तु के अध्ययन से लगता है कि अंग आगमों की अपेक्षा भी साधना की दृष्टि से ये काफी महत्त्वपूर्ण हैं। प्रकीर्णकों के अध्यन की दिशा में कोई प्रयास न होने की वजह से इनमें से अधिकांश नष्ट होने के कगार पर हैं या हो गये हैं। आवश्यकता इस बात है कि इन प्रकीर्णकों के खोज, संपादन, प्रकाशन, पाठ की प्रमाणिकता, हिन्दी अनुवाद सहित विभिन्न भाषाओं में अनुवाद तथा इसके गंभीर समीक्षात्मक अध्ययन की वृहद् योजना बनाकर इस दिशा में कार्य हो। फिलहाल आगम अहिंसा समता एवं प्राकृत संस्थान उदयपुर द्वारा प्रकीर्णकों के हिन्दी अनुवाद का कार्य हाथ में लिया गया है। लेकिन इसके विषय में व्यापकता को देखते हुए और तेज प्रयास होने की जररूत है जिससे जैन प्राकृत साहित्य और इस प्रकार भारतीय साहित्य के एक पक्ष को समग्रता में प्रस्तुत किया जा सकता है।

सन्दर्भ सूची-

1. समवायांग : सम्पादक मधुकर मुनि, आगम प्रकाशन समिति, ब्यावर, 1982, समवाय, 84
2. वही, समवाय - 14
3. प्रकीर्णक साहित्य : मनन और मीमांसा - पृ.2
4. धवला पुस्तक - 13, खण्ड-5, भाग-5, सूत्र 48, पृ. 276, उद्दत जैनेन्द्र सिद्धान्त कोश भाग-4, पृ. 70
5. वही, पृ.70
6. प्रकीर्णक साहित्य : मनन और मीमांसा पृ. 2, प्रो. सागरमल जैन
7. नंदीसूत्र चूर्णि पृ.-58, नंदीसूत्र वृत्ति पृ.-72, पाक्षिकसूत्र वृत्ति पत्र-95
8. सिरिवीत्भद्दामरिय वरइया ''आराहणापडाया'', पइण्णयंसुत्ताई भाग-2, गा. 894-903
9. वही, गा.-904, 921
10. देवेन्द्रस्तव, पइण्णयसुत्तादं भाग-1, गा.-21-66
12. नन्दीसूत्र, चूर्णि, प्राकृतटेमन्ट सोसायटी, अहमदाबाद, पृ.-58
13. साराबली पइण्णयंसुत्तइं भाग-1, पृ.-350, गाथा-1-6
14. प्रकीर्णक साहित्य : मनन और मीमांसा पृ.-74, जौहरीमल पारख
15. वही, पृ.-75
16. वही, पृ.-75

हरिवंश पुराण में प्रतिपादित विविध तपों का गणितीय वैशिष्ट्य

- डॉ अनेकान्त कुमार जैन

जैन संस्कृति में तपस्या की प्रधानता है। विविध प्रकार के तपों एवं उनकी प्रायोगिक विधि का वर्णन यहां अत्यंत व्यवस्थित तथा सुन्दर रीति से किया गया हैं। इस विधि में गणित का प्रयोग भी अपना वैशिष्ट्य लिए हुए है। मोक्ष पद की प्राप्ति का प्रत्याशी मनुष्य सम्पूर्ण जीवन तपस्या करता है। इस तपस्या का भी अपना अलग अलौकिक गणितीय विधान है जो महत्त्वपूर्ण है। आचार्य जिनसेन ने हरिवंश पुराण में मुनिराज सुप्रतिष्ठित की तपस्या के प्रसंग में विविध तपों की प्रसंङ्गानुकूल चर्चा की है। वे कहते हैं कि-

चतुःसहस्रसंख्याताः सहस्रकिरणौजसः।
प्रातिष्ठन्त तपस्युग्रे सुप्रतिष्ठेन पार्थिवाः॥
ज्ञानदर्शनचारित्रतपोवीर्यविवृद्धिमान्।
अध्यैष्ट सोऽङ्गपूर्वाणि सरहस्यान्यतन्द्रितः॥
तपो विधि विशेषः स सर्वतोभद्रपूर्वकैः।
वपुर्विभूषयांचक्रे सिंहनिःक्रीडितोत्तरैः॥ (34/48-50)

अर्थात् राजा सुप्रतिष्ठित के साथ, सूर्य के समान तेजस्वी चार हजार राजाओं ने भी उग्र तप धारण किया था। मुनिराज सुप्रतिष्ठित ने ज्ञान, दर्शन, चारित्र, तप और वीर्य की वृद्धि से युक्त होकर, आलस्य छोड़ गूढ़ार्थ सहित ग्यारह अंग और चौदह पूर्वों का अध्ययन किया तथा सर्वतोभद्र को आदि से लेकर सिंहनिष्क्रीडितपर्यन्त विशिष्ट तपों से अपने शरीर को विभूषित किया।

इस प्रकार आचार्य जिनसेन ने तपस्या को तपस्वी के शरीर का आभूषण तो कहा ही

साथ ही यह भी बतलाया कि मोक्ष सुख के लिए तथा तीर्थंकर पद प्राप्त करने के लिए सर्वतोभद्रादि विविध तप पालना आवश्यक है। वे जानते हैं कि पुराण की कथा सुनने या पढ़ने वाले सभी श्रावक इन उपवासों की विधि पालने में असमर्थ हैं किन्तु इस भय से कहीं वे इन्हें सुनना या समझना भी न छोड़ दें। अतः इस विधि को सुनने मात्र से भी पापों का नाश होता है, ऐसा कहकर इन उपवासों की विधि सुनने के लिए वे प्रेरित करते हैं-

श्रवणादपि पापघ्नानुपवासमहाविधीन्।
शृणु यादव! ते वच्मि समाधाय मनःक्षणम्॥ (34/51)

उपवासों की सर्वतोभद्रादि विधियों में संख्याओं के आधार पर यन्त्रों का निर्माण किया जाता है। उपवासों-पारणों की संख्या का विचार भी किया जाता है। यन्त्रों में संख्या भी इस प्रकार व्यवस्थित रहती हैं कि आगे-पीछे, आड़े-तिरछे आदि स्थानों से उन्हें जोड़ने पर उनकी कुल जोड़ संख्या एक सी होनी चाहिए। अध्यात्म के क्षेत्र में भी जैनाचार्यों ने गणितीय प्रज्ञा का प्रयोग किस प्रकार किया है यह समझने के लिए हम कुछ प्रमुख विधियों को यहां समझने का प्रयास करेंगे।

सर्वतोभद्र विधि -

पांच भंग का एक चौकोर प्रस्तार बनाकर उसमें एक से लेकर पांच तक के अंक इस तरह भरें कि सभी तरफ से गिनने पर पन्द्रह-पन्द्रह उपवासों की संख्या निकल आये। इन पन्द्रह उपवासों में पांच भंगों का गुणा करने से उपवासों की संख्या पचहत्तर और पांच पारणों में पांच भंगों का गुणा करने से पारणों की संख्या पच्चीस निकलती है।

विधि - सर्वताभेद्र व्रत सौ दिन का होता है। इसमें एक उपवास एक पारणा, दो उपवास एक पारणा, तीन उपवास एक पारणा, चार उपवास एक पारणा और पांच उपवास एक पारणा - इसी प्रकार आगे के भंगों को भी लगा लेना चाहिए।[1]

यंत्र
सर्वतोभद्र

उपवास	1	2	3	4	5	= 15
पारणा	1	1	1	1	1	= 05
उपवास	4	5	1	2	3	= 15
पारणा	1	1	1	1	1	= 05
उपवास	2	3	4	5	1	= 15
पारणा	1	1	1	1	1	= 05
उपवास	5	1	2	3	4	= 15
पारणा	1	1	1	1	1	= 05
उपवास	3	4	5	1	2	= 15
पारणा	1	1	1	1	1	= 05

16X5 = 75 उपवास
05X5 = 25 पारणा
} = 100 दिन

महासर्वतोभद्र विधि - महासर्वतोभद्र विधि में सात भंगों वाला एक चौकोर प्रस्तर बनाकर उसमें एक से लेकर सात तक के अंक इस रीति से लिखें कि सभी तरफ से संख्या का जोड़ 28-28 आये। एक-एक भंग में कुल 28 उपवास तथा 7 पारणें होते हैं। इसमें उपवास तथा पारणा की विधि भी सर्वतोभद्र की तरह ही है। इस संपूर्ण विधि में 196 उपवास 49 पारणों से संपन्न होती हैं तथा कुल 245 दिन में यह तप संपन्न होता है।[2] सर्वतोभद्र के समान ही इसका भी यंत्र बनता है।

वसन्तभद्र विधि - इसी प्रकार बसन्तभद्र विधि भी है जिसमें एक सीधी रेखा में 5(पांच) से लेकर 9 तक अंक लिखे जाते हैं जिनका जोड़ 35 होता है। प्रत्येक अंक के उपवास पूर्ण होने पर एक पारणा का विधान है। इस प्रकार 35 उपवास एवं 5 पारणों के साथ यह विधि कुल 40 दिन में संपन्न होती है।

पञ्चादिषु नवान्तेषु भद्रोत्तरवसन्तकः।
विधिस्तत्रोपदासास्तु पञ्चत्रिंशत्समं परम्॥[3]

यंत्र
बसन्तभद्र

उपवास	5	6	7	8	9	= 35
पारणा	1	1	1	1	1	= 05
						40 दिन

त्रिलोकसार विधि - त्रिलोकसार विधि में नीचे से पांच से लेकर एक तक, फिर दो से लेकर चार तक और उसके बाद तीन से लेकर एक तक बिन्दु बनायें। इसका चित्र तीन लोक के आकार जैसा बनता है। इसमें तीस धारणायें (उपवास) और ग्यारह पारणें होते हैं। इसमें नीचे से ऊपर तक 5 उपवास 1 पारणा, 4 उपवास 1 पारणा आदि इसी क्रम से अन्त में 1 उपवास और एक पारणा करके कुल 41 दिन में यह विधिपूर्ण होती है। इसका पालन करने से कोष्ठ बीज आदि ऋद्धियां तथा तीन लोक का सारभूत, लोकाग्र शिखर पर मोक्ष सुख की प्राप्ति होती है।[4]

त्रिलोक सार विधि के समान ही बिन्दुओं को आधार बनाकर वज्र मध्यविधि[5], मृदंगमध्यविधि[6], मुरजमध्यविधि[7], मुक्तावली विधि[8], रत्नावली विधि[9], द्वितीय-रत्नावली विधि[10] का वर्णन भी आचार्य जिनसेन ने किया है। इसमें प्रकारान्तर से उपवासों तथा पारणों के जोड़ अलग-अलग हैं तथा कालावधि भी भिन्न-भिन्न है। हर विधि के फल भी अलग-अलग निरूपित किये गये हैं। हम यहां मात्र इन विधियों के अलग-अलग यंत्रों का आकार दे रहे हैं जिसके माध्यम से हम त्रिलोक सार विधि के समान ही उनका हिसाब-किताब लगा सकते हैं।

त्रिलोकसार विधि यंत्र



मृदङ्गमध्य विधि यंत्र



मुक्तावली विधि यंत्र



मुरजमध्य विधि यंत्र



रत्नावली यंत्र



द्वितीय रत्नावली यंत्र



इन यन्त्रों में द्वितीय रत्नावली यन्त्र रोचक व बड़ा है। इसका यंत्र रत्नों के हार के समान बनता है। यह व्रत एक वर्ष तीन माह और बाईस दिन में पूरा होता है तथा रत्नत्रय रूपी तेज को बढ़ाने वाला है। तपस्या ही तपस्वी के शरीर का आभूषण है।[10] यह उक्ति इस द्वितीय रत्नावली यन्त्र को देखकर चरितार्थ हो जाती है। इस विधि में एक बेला एक पारणा, एक बेला एक पारणा, इस क्रम से दश बेला दश पारणा, फिर एक उपवास एक पारणा, दो उपवास एक पारणा, तीन उपवास एक पारणा इस क्रम से सोलह उपवास तक बढ़ाना चाहिए। फिर एक बेला एक पारणा इस क्रम से तीस बेला तीस पारणा, फिर षोडसी के सोलह उपवास एक पारणा, पन्द्रह उपवास एक पारणा, इस क्रम से एक उपवास एक पारणा तक आना चाहिए। फिर एक बेला एक उपवास के क्रम से बारह बेला और बारह पारणें तत्पश्चात् नीचे के चार बेला और चार पारणें करने चाहिए।[11] कुल मिलाकर इस विधि में 384 उपवास और 88 पारणें हो जाते है।

सिंहनिष्क्रीडति विधि-

यह विधि जघन्य (सामान्य), मध्यम और उत्कृष्ट के भेद से तीन प्रकार की है। उसमें जो प्रथम सामान्य सिंहनिष्क्रीडित विधि है उसमें एक ऐसा प्रस्तार बनाया जाता है जिसमें 1 से लेकर 5 तक के अंक दो-दो बार आ जायें तथा वे पहले के अंकों में दो-दो अंकों की सहायता से एक-एक बढ़ता और घटता जाय-इस विधि से लिखा जाय। समस्त अंकों का जोड़ करने पर साठ उपवास होते हैं और बीस पारणें होते हैं। यह व्रत अस्सी दिन में पूर्ण होता है।



इस विधि में पहले एक उपवास एक पारणा और 2 उपवास 1 पारणा करना चाहिए। फिर 2 में से 1 उपवास का अंक घट जाने से 1 उपवास, 1 पारणा, 2 में से 1 उपवास का अंक बढ़ जाने से 3 उपवास 1 पारणा, 3 में से 1 उपवास का अंक घट जाने से 2 उपवास एक पारणा, 3 में एक उपवास का अंक बढ़ जाने से 4 उपवास एक पारणा, 4 में से 1 उपवास का अंक बढ़ जाने से 5 उपवास 1 पारणा, 5 में से एक उपवास का अंक कम कर देने से 4

उपवास 1 पारणा, चार में एक उपवास का अंक बढ़ा देने से 5 उपवास 1 पारणा होता है। यहां पर पांच का अंत में आ जाने से पूर्वार्ध आरोही क्रम समाप्त हो जाता है इसके अनन्तर इसी क्रम से ही अवरोही क्रम में 5 उपवास 1 पारणा से शुरू करके एक उपवास एक पारणा पर यह क्रम पूर्वाध के विपरीत चलता है।[12]

इसी प्रकार मध्यम सिंह निष्क्रिडित विधि में 1 से 8 अंकों का तथा उत्कृष्ट निष्क्रिडित विधि में 1-15 अंकों का क्रम इसी प्रकार चलता है। सिंहनिष्क्रीडित व्रत में कल्पना यह है कि जिस प्रकार सिंह किसी पर्वत पर क्रम-क्रम से चढ़ता हुआ उसके शिखर पर पहुंचता है, बाद में क्रम-क्रम से नीचे उतरता है उसी प्रकार मुनिराज क्रम क्रम से उपवास करते हुये तप रूपी पर्वत के शिखर पर चढ़ते हैं और उसके बाद क्रम-क्रम से नीचे उतरते हैं।[13]

इस व्रत के फलस्वरूप मनुष्य वज्रवृषभनाराच संहनन का धारक, अनन्तवीर्य से सम्पन्न, सिंह के समान निर्भय और अणिमा आदि गुणों से युक्त होता हुआ शीघ्र ही सिद्ध हो जाता है।

वज्रसंहननोऽनन्तवीर्येसिंह दूवाभयः।
अणिमादिगुणः सिद्धयेत्फलेनास्यनरोऽचिरात्।।[14]

चान्द्रायण विधि-चान्द्रायणव्रत चन्द्रमा की सुन्दर गति के अनुसार होता है। इस व्रत का करने वाला अमावस्या के दिन उपवास करता है फिर प्रतिपदा को एक कवल (एक ग्रास) मात्र आहार लेता है। तदनन्तर द्वितीयादि तिथियों में एक-एक ग्रास बढ़ाता हुआ चतुदर्शी को चौदह कवल का आहार करता है। पूर्णिमा के दिन उपवास करता है फिर चन्द्रमा की कलाओं के अनुसार एक-एक कवल घटाता हुआ क्रमशः चौदह, तेरह, बारह आदि कवलों का आहार लेता है और अन्त में अमावस्या को पुनः उपवास करता है। यह व्रत 21 दिन में पूर्ण होता है तथा यशवृद्धि कराने वाला होता है।[15]

कवलचान्द्रायणविधियन्त्र -

इसके अलावा आचार्य जयसेन ने नन्दीश्वर व्रत विधि, मेरुपंक्तिव्रत विधि, विमानपंक्ति विधि, शातकुम्भ विधि, सप्तसप्तमतपोविधि, अष्टअष्टम, नवनवमादिविधि, आचाम्लवर्धमानविधि, श्रुतविधि, दर्शनशुद्धि विधि, तपःशुद्धि विधि, चारित्रशुद्धि विधि आदि का भी वर्णन उनकी संज्ञानुरूप विधि से गणितीय यन्त्रों के साथ किया है। विस्तार भय से हमने यहां कुछ प्रमुख यंत्रों को ही लिया है।

उपवास-पारणा जैसी आध्यात्मिक क्रियाओं को भी गुणा-भाग के गणित तथा शक्तिशाली गणितीय यन्त्रों के माध्मय से रुचिकर बनाकर उसकी पालना करना, परम्परा से गणित आदि

कवलचान्द्रायण विधि यंत्र



विद्याओं के संपोषक जैनाचार्यों के अलावा कौन कर सकता है? जिनसेनाचार्य के ये गणितीय प्रयोग उनकी गणितज्ञता के सूचक तो हैं ही साथ ही यह भी बताते हैं कि जैन धर्म की साधना विधि कितनी प्रायोगिक तथा व्यवस्थित है। सर्ग के अंत में आचार्य जिनसेन कहते हैं[16] कि सुप्रतिष्ठित मुनिराज ने तीर्थंकर प्रकृति का बंध किया तथा जयन्तस्वर्ग में उत्पन्न हुआ तदनन्तर वहां से च्युत होकर राजा समुद्रविजय और रानी शिवादेवी के हरिवंश कुल में उत्पन्न होकर नेमीश्वर नाम के 22वें तीर्थंकर होंगे।

सन्दर्भ सूची-

1. हरिवंशपुराण-आचार्य जिनसेन, सम्पादक-पं. पन्नालाल साहित्याचार्य, प्रकाशक-भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली, सर्ग-34, पृ. 423, श्लोक-52-55.
2. वही-34/57-58, पृ. 423.
3. वही, श्लोक-56.
4. वही, श्लोक-59-61, पृ. 423-24.
5. वही, श्लोक-62-63.
6. वही, श्लोक-64-65, पृ. 424-25.
7. वही/66, पृ. 425.
8. वही/69-70, 426
9. वही/71, पृ. 426.
10. वपुर्विभूषयांचक्रे...., 34/50.
11. वही, श्लोक-40, 76-77, पृ. 428-29.
12. श्लोक-78, पृ. 430.
13. पृ. 432.
14. श्लोक-83, पृ. 433.
15. श्लोक-90, पृ. 437.
16. श्लोक-151, पृ. 447.

सहायक ग्रन्थ

1. जैनेन्द्र सिद्धान्त कोश - क्षु. जिनेन्द्र वर्णी (भाग-1-4).
2. व्रत-वैभव - पं. गुलाबचन्द्र पुष्प (भाग-1-4).
3. मूलाचार का समीक्षात्मक अध्ययन - डॉ. फूलचन्द जैन प्रेमी.
4. भगवती आराधना - आचार्य शिवार्य.

न्याय-दर्शन में व्याप्ति की अवधारणा

- डॉ राजवीरसिंह शेखावत

अनुमान का आधार 'व्याप्ति' है। व्याप्ति के अभाव में अनुमति ज्ञान सम्भव नहीं है। दूसरे, 'व्याप्ति' अनुमान के दो अंगों में से एक अंग है जैसा कि केशव मिश्र ने ***तर्कभाषा*** (1250 ई.) में लिखा है, *"अनुमानस्य द्वे अंगे, व्याप्तिः पक्षधर्मता च।"* यहां प्रश्न उठता है कि व्याप्ति का स्वरूप क्या है? ध्यातव्य है, 'व्याप्ति का स्वरूप क्या है' इस प्रश्न को लेकर प्राचीन एवं नव्य नैयायिकों में मतैक्य नहीं है। यद्यपि गौतम एवं उद्योतकर ने व्याप्ति का कोई स्पष्ट लक्षण नहीं किया है तथापि वाचस्पति मिश्र एवं उदयन ने व्याप्ति को नियत स्वाभाविक संबंध के रूप में परिभाषित किया है।[1] नव्य न्याय में गंगेश ने ***तत्त्वचिन्तामणि***[2] (1175 ई.) में व्याप्तिपंचक, सिंह-व्याघ्र और व्याधिकरण आदि व्याप्तियों को पूर्वपक्ष के रूप में रखकर उनका खण्डन करते हुए अपने मत की स्थापना की, और व्याप्ति का लक्षण करते हुए लिखा है :

"प्रतियोग्यसमानाधिकरणयत्समानाधिकरणात्यन्ताभावप्रतियोगितावच्छेदकावच्छिन्नं यन्न भवति तेन समं तस्य सामानाधिकरण्यं व्याप्तिः"[3]

अर्थात् जो साध्य हेतु के प्रतियोगी व्यधिकरण तथा समान अधिकरण में विद्यमान रहने वाले अत्यन्ताभाव की प्रतियोगिता के अवच्छेदक धर्म से अवच्छिन्न नहीं हो, उसके साथ हेतु का सामानाधिकरण होना ही व्याप्ति है।

और केशव मिश्र ने ***तर्कभाषा*** में व्याप्ति का लक्षण किया है :

".....साहचर्यनियमो व्याप्तिः।"[4]

अर्थात् साहचर्य-नियम को व्याप्ति कहते हैं।

अन्नम्भट्ट ने भी साहचर्य-नियम को व्याप्ति कहा है, जैसा कि उन्होंने ***तर्कसंग्रह***

(1690 ई.) में लिखा है, *'यत्र यत्र धूमस्तत्र तत्राग्निः' इति साहचर्यनियमो व्याप्तिः*[5] यहां 'साहचर्य-नियम' से अभिप्राय है नियम से एक साथ रहना। साहचर्य-नियम के दो अंग हैं : साहचर्य और नियम। 'साहचर्य' को अन्नमभट्ट ने ***तर्कसंग्रह दीपिका*** (1690 ई.) में परिभाषित किया है, *"साहचर्यं सामानाधिकरण्यं"*[6], अर्थात्, समानाधिकरण को साहचर्य कहते हैं। 'समानाधिकरण' से अभिप्राय है लिंग और साध्य (व्याप्य और व्यापक) का एक अधिकरण में रहना। 'नियम' से अभिप्राय है व्यापकता या सार्वभौमिकता। इस प्रकार 'साहचर्य-नियम' का अर्थ हुआ समानाधिकरण की सार्वभौमिकता या व्यापकता। अन्य शब्दों में, हेतु और साध्य का नियमित रूप से सदैव एक साथ या एक अधिकरण में रहना। इस प्रकार व्याप्ति का लक्षण समानाधिकरण ही निश्चित हो जाता है जिसे गंगेश पूर्व में ही कर चुके हैं। इसलिए इसमें कोई नवीनता नहीं है। किन्तु केशव मिश्र के अनुसार लिंग और साध्य के साहचर्य या समानाधिकरण में कोई 'उपाधि' नहीं है वह अनौपाधिक है। अतः लिंग और साध्य का साहचर्य या समानाधिकरण अथवा व्याप्ति सम्बंध स्वाभाविक है। इसीलिए केशव मिश्र ने ***तर्कभाषा*** में अन्यत्र व्याप्ति को स्वाभाविक सम्बंध के रूप में परिभाषित किया है। जैसा कि ***तर्कभाषा*** में लिखा है :

"स्वाभाविकश्च सम्बधो व्याप्तिः।"[7]

इस प्रकार हम देखते हैं कि व्याप्ति, साहचर्य-नियम, नियत साहचर्य, नियत सम्बंध, समानाधिकरण, स्वाभाविक सम्बंध, अनौपाधिक सम्बंध आदि एक ही अर्थ के ज्ञापक हैं। इन्हें हम निम्नलिखित रूप से दर्शा सकते हैं :

साहचर्य = समानाधिकरण

व्याप्ति = साहचर्य-नियम

नियम = सार्वभौमिकता

नैयायिकों ने व्याप्ति के दो भेद स्वीकार किये हैं : अन्वय-व्याप्ति और व्यतिरेक-व्याप्ति। यहां 'अन्वय' शब्द का अर्थ है एक के होने पर दूसरे का होना, और 'अन्वय-व्याप्ति' से अभिप्राय है साधन (लिंग) के होने पर साध्य (लिंगी) का होना, जैसे जहां-जहां धूम होता है वहां-वहां अग्नि होती है, उदाहरण के रूप में रसोईघर। ***तर्कसंग्रह-दीपिका*** में अन्नम् भट्ट ने अन्वय-व्याप्ति का लक्षण किया है, *"हेतुसाध्ययोर्व्याप्तिरन्वयव्याप्तिः"*[8], अर्थात् हेतु और साध्य की व्याप्ति को अन्वय-व्याप्ति कहते हैं।

'व्यतिरेक' शब्द का अर्थ है एक के नहीं होने पर दूसरे का नहीं होना, और 'व्यतिरेक-व्याप्ति' से अभिप्राय है साध्य (लिंगी) के अभाव में साधन (लिंग) का अभाव होना, जैसे जहां-जहां अग्नि का अभाव होता है वहां-वहां धूम का भी अभाव होता है, उदाहरण के रूप में जलाशय।

अन्नम् भट्ट ने *तर्कसंग्रह-दीपिका* में व्यतिरेक-व्याप्ति का लक्षण किया है, ''..तदभावयोर्व्याप्तिर्व्यतिरेकव्याप्ति''[9], अर्थात् उनके (हेतु तथा साध्य) अभाव की व्याप्ति को व्यतिरेक-व्याप्ति करते हैं।

ज्ञातव्य है अन्वय-व्याप्ति दो भाव पदार्थों की व्याप्ति है और व्यतिरेक-व्याप्ति दो पदार्थों के अभाव की व्याप्ति। इसीलिए अन्वय-व्याप्ति में जो 'व्याप्य' होता है व्यतिरेक-व्याप्ति में उसका अभाव 'व्यापक' होता है, और अन्वय-व्याप्ति में जो 'व्यापक' है उसका अभाव व्यतिरेक-व्याप्ति में 'व्याप्य' होता है। अन्वय-व्याप्ति में 'हेतु' व्याप्य होता है और व्यतिरेक-व्याप्ति में 'साध्याभाव' व्याप्य होता है तथा अन्वय-व्याप्ति में 'साध्य' व्यापक होता है और व्यतिरेक-व्याप्ति में 'हेतु का अभाव' व्यापक होता है, जैसे 'धूम' अन्वय-व्याप्ति में व्याप्य है और 'अग्नि का अभाव' व्यतिरेक-व्याप्ति में व्याप्य तथा 'अग्नि' अन्वय-व्याप्ति में व्यापक है और व्यतिरेक-व्याप्ति में 'धूम का अभाव' व्यापक है।

व्याप्ति के सन्दर्भ में एक महत्त्वपूर्ण प्रश्न यह उठता है कि व्याप्ति का ज्ञान कैसे होता है, अर्थात् व्याप्ति के निश्चय अथवा ग्रहण का साधन क्या है? इस प्रश्न के जवाब में, जैसा कि नैयायिकों का व्याप्ति के लक्षण को लेकर मतैक्य नहीं है उसी प्रकार व्याप्ति निश्चय के साधन को लेकर भी मतैक्य नहीं है। विभिन्न नैयायिकों ने व्याप्ति निश्चय अथवा ग्रहण के लिए भिन्न-भिन्न साधनों की चर्चा की है।

यद्यपि गौतम, वात्स्यायन और उद्योतकर ने व्याप्ति निश्चय के साधनों की चर्चा नहीं की है तथापि वाचस्पति मिश्र ने ***न्यायवार्तिकतात्पर्यटीका*** (841 ई.) में 'तर्क सहकृत भूयः दर्शन' को व्याप्ति निश्चय का साधन माना है।[10] वाचस्पति मिश्र के अनुसार साधन और साध्य में व्याप्ति सम्बंध को ग्रहण करने के लिए, प्रथमतः, साधन और साध्य का बार-बार सहचार दर्शन करना चाहिए और फिर उनके इस सम्बन्ध में कोई 'उपाधि' या व्यभिचार तो नहीं है यह जानने के लिए अथवा उनका निरास करने के लिए 'तर्क' का सहारा लेना चाहिए। 'उपाधि' निरास के लिए तर्क का प्रयोग इस प्रकार करना चाहिए कि साधन यदि साध्य का व्यभिचारी होता तब वह साध्य के अभाव में भी पाया जाता अर्थात् उनमें व्यभिचार देखा जाता, उदाहरण के रूप में, धूम यदि अग्नि का व्यभिचारी होता तब वह अग्नि के अभाव में भी पाया जाता। किन्तु साधन साध्य के अभाव में नहीं पाया जाता। इसके विपरीत जहां स्वाभाविक सम्बंध नहीं पाया जाता है वहां साधन साध्य के अभाव में भी पाया जाता है। किन्तु धूम अग्नि से स्वतंत्र अपना कोई पृथक् अस्तित्व नहीं रखता, क्योंकि धूम मात्र अग्नि से ही उत्पन्न होता है। इसलिए धूम अग्नि के अभाव में नहीं पाया जाता है। अथवा यह कहा जाय कि धूम और अग्नि के साहचर्य में कोई 'उपाधि' नहीं है, क्योंकि

यदि उपाधि होती तब वह अवश्य दिखाई देती, जबकि वह दिखाई नहीं दे रही है। अतः धूम और अग्नि के साहचर्य में कोई उपाधि नहीं है। इसलिए धूम और अग्नि में व्याप्ति सम्बन्ध है।

न्यायमंजरी (880 ई.) में जयन्त ने 'नियत सहचार दर्शन' को व्याप्ति ग्रहण का साधन माना है।[11] जयन्त के अनुसार जिस लिंग और लिंगी में 'सहचार' नियम से पाया जाता है उसमें व्याप्ति-सम्बन्ध होता है और जिनमें 'सहचार' नियम से नहीं पाया जाता है उनमें व्याप्ति-सम्बंध नहीं होता है, जैसे धूम और अग्नि में 'सहचार' नियम से पाया जाता है। इसलिए उनमें व्याप्ति-सम्बन्ध है। किन्तु अग्नि और धूम में 'सहचार' नियम से नहीं पाया जाता, क्योंकि अनेक स्थल ऐसे होते हैं जहां अग्नि तो होती है किन्तु धूम नहीं होती। इसलिए उनमें व्याप्ति-संबंध नहीं है। ध्यातव्य है सहचार दो प्रकार का होता है : *अन्वय-सहचार और व्यतिरेक-सहचार।* लिंग के सद्भाव पर लिंगी के सद्भाव के सहचार को *अन्वय-सहचार* कहते हैं, जैसे जहां-जहां धूम होता है वहां-वहां अग्नि अनिवार्य रूप से होगी। यहां धूम और अग्नि के सहचार को *अन्वय-सहचार* कहेंगे। ज्ञातव्य है, जहां केवलान्वयी हेतु होता है वहां अन्वय-सहचार होता है। इस *अन्वय-सहचार* को व्याप्ति ग्रहण की अन्वय-विधि भी कहते हैं। लिंगी के नहीं होने पर लिंग का भी अनिवार्य रूप से नहीं होना अर्थात् व्यापकाभाव होने पर व्याप्याभाव होना *व्यतिरेक-सहचार* है, जैसे जहां अग्नि का अभाव होता है वहां धूम का अभाव भी अनिवार्य रूप से होगा। यहां अग्न्याभाव और धूमाभाव का सहचार व्यतिरेक-सहचार कहलायेगा। व्यतिरेक-सहचार का सम्बन्ध केवल-व्यतिरेकी हेतु से है इसलिए यह केवल वहीं पाया जाता है जहां केवलव्यतिरेकी हेतु होता है। केवल-व्यतिरेकी सहचार को व्याप्ति ग्रहण की व्यतिरेक-विधि भी कहते हैं। स्पष्ट है कि व्याप्ति ग्रहण के लिए केवलान्वयी लिंग के लिए अन्वय-सहचार, केवलव्यतिरेकी लिंग के लिए व्यतिरेक-सहचार, और अन्वय-व्यतिरेकी लिंग के लिए अन्वय-व्यतिरेकी सहचार का ज्ञान अनिवार्य है।

गंगेश उपाध्याय ने ***तत्त्वचिन्तामणि***[12] के व्याप्ति ग्रहोपाय प्रकरण में भूयोदर्शन, *तर्कसहकृत* भूयोदर्शन आदि व्याप्ति ग्रहण के उपायों का खण्ड करते हुए *'व्यभिचारज्ञानविरहसहकृत सहचारदर्शन'* को व्याप्ति ग्रहण का उपाय स्वीकार किया है, जैसा कि गंगेश ने ***तत्त्वचिन्तामणि*** में लिखा है, *''व्यभिचारज्ञानविरहसहकृतं सहचारदर्शनं व्याप्तिग्राहकम्''।*[13] अर्थात् व्यभिचार ज्ञान के अभाव से युक्त सहचार दर्शन व्याप्ति ग्रहण का साधन है, जैसे 'यहां अग्नि तो नहीं है किन्तु धूम है' ऐसे ज्ञान के अभाव के साथ धूम और अग्नि को बार-बार एक साथ देखने से यह निश्चय हो जाता है कि धूम और अग्नि में व्याप्ति सम्बंध है। यहां व्यभिचार से अभिप्राय है साध्य के नहीं होने पर भी साधन का होना, जैसे अग्नि की सत्ता के अभाव पर भी धूम का अस्तित्व होना। अन्य शब्दों में, व्यभिचार व्यतिरेक-सहचार का अभाव होता है और व्यतिरेक-सहचार निषेधपरक होता है जैसाकि उपर्युक्त उदाहरण से स्पष्ट हो जाता है। गंगेश के अनुसार व्याप्ति

ग्रहण के लिए यह आवश्यक है कि साधन और साध्य के बार-बार सहचार दर्शन के साथ अव्यभिचारित्व का ज्ञान हो अर्थात् साध्य के बिना साधन के दर्शन के ज्ञान का अभाव हो, जैसे 'यहां अग्नि नहीं है किन्तू धूम है' ऐसे ज्ञान का अभाव हो। ध्यान देने की बात है कि यहां गंगेश ने अपने मत को निषेधात्मक तथा भावात्मक दोनों रूपों में प्रस्तुत किया। *'व्यभिचारज्ञानविरह'* निषेधात्मक है और 'सहचारदर्शन' भावात्मक। ध्यातव्य है, व्याप्ति का निश्चय व्यभिचार ज्ञान के अभाव और साधन तथा साध्य के बार-बार सहचार दर्शन, इन दोनों से होता है, और व्यभिचार के अभाव का ज्ञान 'तर्क' से होता है।

यहां 'तर्क' से अभिप्राय है जिस वस्तु का यथार्थ ज्ञान ज्ञात नहीं है उस वस्तु का ज्ञान प्राप्त करने के लिए कारण की उपपत्ति द्वारा जो 'ऊह' किया जाता है उसे 'तर्क' कहते हैं। ***(न्यायसूत्र,** 1.1.40)*। ज्ञातव्य है, 'तर्क' यथार्थ ज्ञान प्राप्ति का साधन नहीं है बल्कि यथार्थ ज्ञान प्राप्ति में सहायक है। सामान्यतः जब किसी वस्तु या विषय का यथार्थ ज्ञान प्राप्त करने के लिए तर्क की सहायता ली जाती है तब उस विषय में दो परस्पर विरूद्ध धर्मों की प्रतीति होती है, अर्थात् उस विषय के (सन्दर्भ में) दो विरोधी ज्ञान अथवा प्रतिज्ञप्तियां होती हैं जिनमें से एक यथार्थ/सत्य और एक अयथार्थ/असत्य होती है। उनकी यथार्थता और अयथार्थता को जानने के लिए तर्क द्वारा इस प्रकार विचार किया जाता है कि एक के पक्ष में साक्ष्य या प्रमाण उपलब्ध हो जाते हैं और दूसरे में दोष। जिसके पक्ष में साक्ष्य या प्रमाण उपलब्ध हो जाते हैं उसे यथार्थ मानकर स्वीकार कर लिया जाता है और जिसमें दोष दिखाई देते हैं उसे अयथार्थ मानकर अस्वीकार कर दिया जाता है। इसी प्रकार जब व्याप्ति निश्चय के लिए-व्यभिचार निरास हेतु-तर्क की सहायता ली जाती है, जैसे धूम और अग्नि में व्याप्ति निश्चय के लिए जब तर्क की सहायता ली जाती है तब हमारे सामने दो परस्पर विरूद्ध प्रतिज्ञप्तियां होती हैं, एक 'कुछ धूमवान पदार्थ अग्निमान नहीं है' या ''धूम अग्नि का व्यभिचारी है'', और दूसरी प्रतिज्ञप्ति है, 'सभी धूमवान पदार्थ अग्निमान है' या 'धूम अग्नि का व्यभिचारी नहीं है।' अब, धूम अग्नि का व्यभिचारी है अथवा नहीं, यह जानने के लिए 'तर्क' का प्रयोग इस प्रकार किया जा सकता है कि धूम यदि अग्नि का व्यभिचारी होता तो धूम की सत्ता अग्नि के अभाव में भी पाई जाती और दूसरे, धूम की उत्पत्ति का कारण अग्नि नहीं होकर कोई अन्य पदार्थ होता, किन्तु न तो अग्नि के अभाव में धूम की सत्ता होती है और न ही व्यवहार में धूम की उत्पत्ति का कोई अन्य कारण उपलब्ध है। अतः यह सिद्ध होता है कि धूम अग्नि से ही उत्पन्न होता है। इस प्रकार धूम की उत्पत्ति के, अग्नि से भिन्न, अन्य कारण की अनुपलब्धि के कारण प्रथम प्रतिज्ञप्ति दोषयुक्त है और दूसरी प्रतिज्ञप्ति सत्य, क्योंकि अन्य कारण की अनुपलब्धि उसके पक्ष में साक्ष्य है। अतः यह सिद्ध होता है कि धूम और अग्नि के संबंध में कोई व्यभिचार नहीं है।

केशव मिश्र ने ***तर्कभाषा*** में (अनौपधिक) भूयोदर्शन और उपाधि अभाव ग्रहण जनित संस्कार युक्त साहचर्य को ग्रहण करने वाले प्रत्यक्ष[14] को व्याप्ति ग्रहण का उपाय स्वीकार किया है। केशव मिश्र के अनुसार भूयोदर्शन अर्थात् साधन और साध्य के बार-बार सहचार दर्शन से स्वाभाविक सम्बंध अथवा व्याप्ति का निश्चय हो जाता है, जैसा कि केशव मिश्र ने ***तर्कभाषा*** में लिखा है, *''तेन भूयो दर्शनेन धूमाग्न्योः स्वभाविकं सम्बन्धमवधारयति, यत्र धूमस्तत्राग्निरिति ''।*[15] किन्तु ध्यान देने की बात है कि केशव मिश्र के अनुसार मात्र भूयोदर्शन से ही व्याप्ति का निश्चय नहीं हो जाता है, बल्कि भूयोदर्शन उपाधि रहित होना चाहिए, अर्थात् हेतु का सोपाधिक नहीं होना चाहिए। यदि कोई भूयोदर्शन किसी उपाधियुक्त है तब वहां उन दो विषयों का सम्बन्ध स्वाभाविक नहीं होकर औपधिक होगा, जैसे 'मैत्रीतनयत्व' और 'श्यामत्व'। यहां मैत्रीतनयत्व हेतु है और श्यामत्व साध्य। यद्यपि मैत्रीतनयत्व और श्यामत्व का भूयोदर्शन धूम और अग्नि के सहचार दर्शन के समान ही प्रतीत होता है, किन्तु मैत्रीतनयत्व और श्यामत्व का सम्बन्ध स्वभाविक नहीं है, वह औपाधिक है, क्योंकि श्यामत्व का प्रयोजक या निमित्त 'शाकादि अन्नपरिणाम' (श्यामवर्ण के हरे-हरे शाक आदि आहार का परिपाक) रूप उपाधि है मैत्रीतनयत्व नहीं। अतः उनमें उपाधि होने के कारण व्याप्ति सम्बंध नहीं है। कहने का अभिप्राय है कि 'मैत्री' नाम की कोई स्त्री है जिसके सात पुत्र हैं और वे सातों पुत्र 'श्यामवर्ण' हैं। अब, यदि कोई व्यक्ति मैत्री और उसके श्यामवर्ण पुत्रों के बार-बार सहचार दर्शन से 'मैत्रीतनयत्व' को व्याप्य और 'श्यामत्व' को व्यापक समझकर 'मैत्रीतनयत्व' और 'श्यामत्व' में व्याप्ति-सम्बन्ध मान लेता है, और मैत्री के होने वाले आठवें पुत्र के बारे में 'मैत्रीतनयत्व' रूप लिंग से आठवें पुत्र के 'श्यामत्व' रूप लिंगी (साध्य) की सिद्धि या अनुमान कर लेता है। किन्तु जब मैत्री के आठवें पुत्र का जन्म हुआ तो वह गौरवर्ण था। तब, मैत्री से पूछने पर ज्ञात हुआ कि 'श्यामत्व' का प्रयोजक या निमित्त मैत्रीतनयत्व नहीं बल्कि 'शाकादि अन्नपरिणाम' रूप उपाधि है, तथा मैत्रीतनयत्व एवं श्यामत्व में स्वाभाविक सम्बंध नहीं है, बल्पि औपाधिक सम्बन्ध है। इसी प्रकार अग्नि और धूम के उदाहरण को समझा जा सकता है। यद्यपि धूम और अग्नि का सम्बन्ध स्वाभाविक सम्बन्ध है तथापि अग्नि और धूम का सम्बन्ध, अग्नि और धूम का बार-बार सहचार दर्शन होने पर भी, स्वभाविक सम्बन्ध नहीं है, क्योंकि अग्नि रूप लिंग सोपाधिक है अर्थात् अग्नि और धूम का सम्बन्ध आर्द्र-इन्धन संयोग रूप उपाधि के कारण है।

इस प्रकार, यह स्पष्ट है कि किन्हीं दो विषयों के एक साथ बार-बार सहचार दर्शन मात्र से यह निश्चिय नहीं हो जाता है कि उनमें व्याप्ति सम्बन्ध है। बल्कि सहचार दर्शन के साथ यह भी निश्चित होना चाहिए कि उनके सम्बन्ध में कोई उपाधि भी नहीं है, अर्थात् उपाधि का अभाव है। यहां प्रश्न उठता है कि 'उपाधि' से क्या तात्पर्य है और उपाधि के अभाव का निश्चय कैसे हो? यहां 'उपाधि' से अभिप्राय है जो धर्म साध्य का व्यापक हो और साधन का अव्यापक, जैसे

अग्नि और धूम के उदाहरण में 'अग्नि' साधन है, 'धूम' साध्य है और *'आर्द्र-इन्धन-संयोग'* उपाधि। यहां उपाधि-आर्द्र-इन्धन-संयोग' - धूम रूप साध्य का व्यापक है, क्योंकि जहां-जहां धूम होता है वहां-वहां आर्द्र-इन्धन-संयोग हो, ऐसा अवश्य होता है, और अग्नि रूप साधन का अव्यापक है, क्योंकि जहां-जहां अग्नि होती है वहां-वहां आर्द्र-इन्धन-संयोग भी हो, ऐसा आवश्यक नहीं है, अर्थात् जहां-जहां अग्नि है वहां आर्द्र-इन्धन-संयोग हो भी सकता है और नहीं भी, जैसे गैस के चूल्हे की अग्नि में आर्द्र-इन्धन-संयोग नहीं होता है।

केशव मिश्र के अनुसार उपाधि के अभाव का निश्चय 'तर्क' और 'अनुपलम्भ युक्त प्रत्यक्ष' से होता है। 'अनुपलम्भ' से अभिप्राय है किसी वस्तु या विषय का उपलब्ध नहीं होना अर्थात् अनुपलब्धि। ज्ञातव्य है नैयायिक अनुपलब्धि प्रमाण को एक स्वतन्त्र प्रमाण नहीं मानते हैं। वे अनुपलब्धि प्रमाण का अन्तर्भाव प्रत्यक्ष प्रमाण में करते हैं। अतः उनके अनुसार किसी वस्तु या विषय की अनुपलब्धि या अभाव के ग्रहण का साधन प्रत्यक्ष है। इसलिए नैयायिकों के अनुसार उपाधि के अभाव का निश्चय भी प्रत्यक्ष प्रमाण से हो जाता है, जैसे धूम और अग्नि के साहचर्य सम्बन्ध में कोई उपाधि नहीं है, इसका निश्चय करना हो तब वह इस प्रकार से होगा-यदि धूम और अग्नि के साहचर्य सम्बन्ध में कोई उपलब्धि योग्य उपाधि हो तो वह अवश्य उपलब्ध होती अथवा दिखाई देती, (तर्क), किन्तु धूम और अग्नि के साहचर्य सम्बन्ध में कोई 'उपाधि' उपलब्ध नहीं हो रही है अथवा दिखाई नहीं दे रही है। (अनुपलब्ध)। अतः धूम और अग्नि के संबंध में कोई उपाधि नहीं है। इस प्रकार उपाधि के अभाव का निश्चय हो जाता है।

ध्यातव्य है, चूंकि भूयोदर्शन या सहचार दर्शन प्रत्यक्ष रूप ही है, अतः केशव मिश्र ने आगे चलकर ***तर्कभाषा*** में उपाधि अभाव ग्रहण जनित संस्कार युक्त साहचर्य ग्रहण करने वाले प्रत्यक्ष को व्याप्ति निश्चय/ग्रहण का साधन माना है, जैसा कि केशव मिश्र ने ***तर्कभाषा*** में लिखा है :

''.....उपाध्यभावग्रहणजनितसंस्कारसहकृतेन साहचर्यग्राहिणा प्रत्यक्षेणैव धूमाग्न्योर्व्याप्तिरवधार्यते।''[16]

अर्थात् उपाधि के अभाव रूप ज्ञान के संस्कार सहित साहचर्य ग्रहण करने वाले प्रत्यक्ष से धूम और अग्नि के व्याप्ति सम्बंध का ग्रहण हो जाता है। (अन्य शब्दों में, 'धूम और अग्नि के सम्बन्ध में कोई उपाधि नहीं है' ऐसे ज्ञान के संस्कार और धूम तथा अग्नि को बार-बार एक साथ देखने वाले प्रत्यक्ष द्वारा धूम और अग्नि के व्याप्ति सम्बन्ध का निश्चय हो जाता है।)

ऊपर व्याप्ति ग्रहण की जिन विधियों की चर्चा की गई है उनके द्वारा देश-विशेष और काल-विशेष के विषयों के व्याप्ति सम्बन्ध का ही निश्चय हो पाता है सार्वदेशिक और सार्वकालिक विषयों के व्याप्ति सम्बन्ध का निश्चय नहीं। इसलिए सीमित दैशिक और कालिक व्याप्ति के

आधार पर सार्वदेशिक और सार्वकालिक विषयों अर्थात् अतीत, अनागत और सुदूर के विषयों के बारे में अनुमान करना कठिन हो जाता है। अतः यहां प्रश्न उठता है कि उस सार्वदेशिक और सार्वकालिक व्याप्ति का निश्चय कैसे हो, जिसके द्वारा सार्वदेशिक और सार्वकालिक विषयों-साधन से साध्य का-का अनुमान किया जा सके? इस समस्या के निराकरण हेतु नैयायिकों ने व्याप्ति निश्चय के लिए 'सामान्य-लक्षण-प्रत्यासत्ति' को अपनाया।[17]

नैयायिकों के अनुसार 'सामान्य-लक्षण-प्रत्यासत्ति' एक अलौकिक सन्निकर्ष है जिसके द्वारा सामान्य या जाति का ज्ञान होता है जैसे मनुष्यत्व, अग्नित्व, धूमत्व आदि का ज्ञान। यहां ध्यान देने की बात है कि नैयायिकों के अनुसार जाति और व्यक्ति-जाति का एक सदस्य-एक साथ समवाय सम्बन्ध से रहते हैं उन्हें अलग नहीं किया जा सकता। इसलिए जाति के एक सदस्य के, जातिगत धर्म का, ज्ञान होने पर जाति के अन्य सदस्यों के भी जातिगत धर्म का ज्ञान हो जाता है क्योंकि उन सदस्यों में भी जाति निवास करती है। इस प्रकार किसी एक जाति या वर्ग के एक सदस्य के ज्ञान होने पर उस जाति या वर्ग के सभी सदस्यों का भी ज्ञान हो जाता है। जैसे-पाकशाला में धूमत्व से युक्त धूम का ज्ञान होने पर सभी धूमत्व युक्त धूमों का ज्ञान हो जाता है। सामान्य-लक्षण-प्रत्यासत्ति के द्वारा जिन दो विषयों के मध्य व्याप्ति सम्बंध का निश्चय किया जाता है वे विषय 'विशेष' या 'व्यक्ति-विशेष' नहीं होकर सामान्य या जाति युक्त होते हैं अर्थात् सामान्य-लक्षण-प्रत्यासत्ति के द्वारा जाति से युक्त दो विषयों के मध्य व्याप्ति सम्बन्ध का निश्चय किया जाता है, जैसे धूमत्व युक्त धूम और अग्नित्व युक्त अग्नि में। जब व्याप्ति का निश्चय जाति से युक्त दो विषयों के मध्य किया जाता है तब उस व्याप्ति का संबंध देश-विशेष और काल-विशेष के विषयों से नहीं होकर उस वर्ग के सार्व-देशिक और सार्वकालिक विषयों से होता है, क्योंकि सामान्य या जाति अपने वर्ग के, सभी देशों और सभी कालों के, प्रत्येक सदस्य में रहती है जैसे धूमत्व सभी धूमों में और अग्नित्व सभी अग्नियों में। इस प्रकार जब दो जातियों से युक्त दो विषयों में व्याप्ति का निश्चय हो जाता है तब उन जातियों के सभी सदस्यों में भी, जाति के आधार पर, व्याप्ति सम्बन्ध का निश्चय हो जाता है चाहे उन सदस्यों का प्रत्यक्ष हो या नहीं हो, चाहे वे सदस्य किसी भी काल या देश में क्यों न हों। इस प्रकार से किये गये व्याप्ति निश्चय में किसी भी प्रकार के व्यभिचार के लिए कोई स्थान नहीं रह जाता है, सभी व्यभिचारों और उपाधियों का निरास हो जाता है। तब हम यह शंका भी नहीं कर सकते कि यह सम्भव है कि अन्य ग्रहों और भविष्य में धूम और अग्नि में व्याप्ति सम्बन्ध नहीं हो, या हो सकता है कि धूम किसी अन्य कारण से उत्पन्न हो।

यहां स्पष्ट कर देना आवश्यक है कि सामान्य-लक्षण-प्रत्यासत्ति के द्वारा जिन दो विषयों में व्याप्ति का निश्चय किया जाता है उन विषयों के वर्गों में एक से अधिक सदस्य होते हैं। किन्तु

जहां किसी वर्ग में केवल एक ही सदस्य हो वहां पर सामान्य-लक्षण-प्रत्यासत्ति के द्वारा व्याप्ति निश्चय सम्भव नहीं है, क्योंकि उस वर्ग की जाति नहीं होती है। अतः यहां प्रश्न उठता है कि जिस पदार्थ या वस्तु की जाति नहीं होती है वहां व्याप्ति सम्बन्ध होता है या नहीं? यदि होता है तब उस व्याप्ति का स्वरूप क्या होगा?

जैसा कि विदित है व्याप्ति सम्बन्ध के ग्रहण या निश्चय के उपाय को लेकर नैयायिक दार्शनिकों में मतैक्य नहीं है, भिन्न-भिन्न नैयायिक दार्शनिकों ने व्याप्ति सम्बन्ध के निश्चय के लिए भिन्न-भिन्न साधन स्वीकार किये हैं। किन्तु व्याप्ति निश्चय की प्रक्रिया एवं साधन पर विचार कें तब यह स्पष्ट हो जाता है कि व्याप्ति का निश्चय उपर्युक्त किसी एक साधन से सम्भव नहीं है, बल्कि एक साधन-समुच्चय को स्वीकर करना होगा। अन्य शब्दों में, व्याप्ति निश्चय के लिए एक ऐसी विधि या साधन-समुच्चय को अपनाना होगा जिसके एक नहीं, बल्कि एक से अधिक चरण या अंग होंगे। उस विधि के अंग एवं प्रक्रिया है :

भूयोदर्शन व्यभिचार अदर्शन उपाधि निरास तर्क सामान्य-लक्षण-प्रत्यासत्ति = व्याप्ति निश्चय

ध्यातव्य है व्याप्ति सम्बन्ध का निश्चय उपर्युक्त चरणों में से किसी एक चरण या अंग से सम्भव नहीं है, अपितु वह तो व्याप्ति निश्चय में केवल एक सहायक घटक मात्र है। व्याप्ति का ग्रहण तो उपर्युक्त सभी घटकों के होने पर ही सम्भव है; अर्थात् व्याप्ति सम्बन्ध का निश्चय व्याप्ति ग्रहण की इस विधि या साधन-समुच्चय के सभी घटकों के होने पर ही सम्भव है। उनमें से किसी एक घटक के अभाव में व्याप्ति का निश्चय संभव नहीं है।

साधन और साध्य की व्याप्ति को लेकर प्रश्न उठता है कि व्याप्ति का आश्रय क्या है? अर्थात् व्याप्ति साधन (लिंग) में रहती है या साध्य में अथवा दोनों में? प्रत्युत्तर में, व्याप्ति का आश्रय साधन है, अर्थात् व्याप्ति लिंग में रहती है, क्योंकि लिंग 'व्याप्त' होता है, और व्याप्य उसे कहते हैं जिसमें व्याप्ति रहती है, जैसे धूम और अग्नि का उदाहरण लें तब 'धूम' व्याप्य है क्योंकि अग्नि की व्याप्ति धूम में रहती है, अर्थात् धूम अग्नि की व्याप्ति का आश्रय है। किन्तु यहां पुनः प्रश्न उठता है व्याप्य ही व्याप्ति का आश्रय क्यों है, व्यापक क्यों नहीं? जवाब में, क्योंकि व्याप्य ही व्यापक से व्याप्त रहता है व्यापक व्याप्य से व्याप्त नहीं रहता। यहां 'व्याप्त' से अभिप्राय उस पदार्थ से है जो किसी अन्य पदार्थ के बिना नहीं रहता हो, अर्थात् वह पदार्थ जिसकी सत्ता किसी अन्य पदार्थ पर आश्रित हो 'व्याप्त' कहलाता है जैसे धूम की सत्ता अग्नि पर आश्रित है किन्तु अग्नि की सत्ता धूम पर आश्रित नहीं है। इसलिए 'धूम' (अग्नि से) व्याप्त है 'अग्नि' (धूम से) व्याप्त नहीं है। यहां धूम के व्याप्य और अग्नि के व्यापक होने के कारण व्याप्य ही व्यापक से व्याप्त है। अतः व्याप्य ही व्याप्ति का आश्रय है।

अन्त में, कहा जा सकता है कि व्याप्ति दो विषयों के मध्य एक स्वाभाविक सम्बन्ध है जिसके दो प्रकार हैं, एक अन्वय-व्याप्ति और दूसरा व्यतिरेक-व्याप्ति। व्याप्ति का निश्चय भूयोदर्शन, व्यभिचार अदर्शन, उपाधि निरास, तर्क और सामान्य-लक्षण-प्रत्यासत्ति रूप साधन-समुच्चय से होता है। और व्याप्य इसका आश्रय है।

सन्दर्भ सूची :

1. भारतीय दर्शन में अनुमान, डॉ. ब्रजनारायण शर्मा, पृ. 81, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल, प्रथम संस्करण, 1973.
2. तत्त्वचिन्तामणिः, द्वितीयभागस्य अनुमानखण्डस्य प्रथमो भागः, पृ. 43-44, केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठम्, तिरुपतिः, 1982.
3. वही, पृ. 89.
4. तर्कभाषा, पृ. 112, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी, द्वितीय संस्करण, 1990.
5. तर्कसंग्रह, पृ. 112, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली, 2003.
6. वही, पृ. 112.
7. तर्कभाषा, पृ. 122, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी, द्वितीय संस्करण, 1990.
8. तर्कसंग्रह-दीपिका, पृ. 130, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली, 2003.
9. वही, पृ. 130.
10. न्यायवार्तिकतात्पर्यटीका, पृ. 139,40, भारतीय दर्शन में अनुमान, में उद्धृत, पृ. 144 एवं 220, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल, प्रथम संस्करण, 1973.
11. न्यायमंजरी, भाग-1, पृ. 109-111, चौखम्बा संस्कृत सीरीज ऑफीस, वाराणसी, 1971.
12. तत्त्वचिन्तामणि, द्वितीयभागस्य, अनुमानखण्डस्य, प्रथमो भाग, पृ. 170 से 179, केन्द्रीयसंस्कृतविद्यापीठम्, तिरुपति, 1982.
13. वही, पृ. 187.
14. तर्कभाषा, पृ. 113 एवं 122, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी, द्वितीय संस्करण, 1990.
15. वही, पृ. 113.
16. वही, पृ. 122.
17. धूमत्वबहिनत्वरूपसामान्यलक्षणप्रत्यासत्त्या सकलधूमबहिनज्ञानसंभवात्। तर्कसंग्रह-दीपिका, पृ. 120 मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली, 2003.

जैन कर्म-सिद्धान्त और मनोविज्ञान

मोहनीय कर्म एवं मूल प्रवृत्तियां - तुलनात्मक अध्ययन

- डॉ रत्नलाल जैन

कर्मवाद भारतीय दर्शन का एक प्रतिष्ठित सिद्धांत है। उस पर लगभग सभी पुनर्जन्मवादी दर्शनों ने विमर्श प्रस्तुत किया है।

''पूरी तटस्थता के साथ कहा जा सकता है कि इस विषय का सर्वाधिक विकास जैन दर्शन में हुआ है।[1] कर्मवाद मनोवैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित है। अतः कर्मशास्त्र को कर्म मनोविज्ञान ही कहना चाहिए।

कर्मवाद में-

कर्मशास्त्र में शरीर-रचना से लेकर आत्मा के अस्तित्व तक, बंधन से लेकर मुक्ति तक-सभी विषयों पर गहन चिंतन और दर्शन मिलता है। यद्यपि कर्मशास्त्र के बड़े-बड़े ग्रन्थ उपलब्ध हैं, फिर भी हजारों वर्ष पुरानी पारिभाषिक शब्दावली को समझना स्वयं एक समस्या है।

मनोविज्ञान में-

आज के मनोवैज्ञानिक मन की हर समस्या पर अध्यन और विचार कर रहे हैं, जिन समस्याओं पर कर्मशास्त्रियों ने अध्ययन और विचार किया, उन्हीं समस्याओं पर मनोवैज्ञानिक अध्ययन और विचार कर रहे हैं।

समन्वय की भाषा-

यदि मनोविज्ञान के सन्दर्भ में कर्मशास्त्र को पढ़ा जाए तो उसकी अनेक गुत्थियां

सुलझ सकती हैं, अस्पष्टताएं स्पष्ट हो सकती हैं। यदि कर्मशास्त्र के संदर्भ में मनोविज्ञान को पढ़ा जाए तो उसकी अपूर्णता को समझा जा सकता है और अब तक अनुत्तरित प्रश्नों के उत्तर खोजे जा सकते हैं।[2]

मोहनीय कर्म-

जैसे मदिरापान किए हुए मनुष्य की चेतना विकृत या मूर्च्छित हो जाती है, वैसे ही जो कर्म पुद्गल चेतना को मूर्च्छित और विकृत बनाता है, वह मोहनीय कर्म है-

'मोहयति जनानामपि मद्यपानवद्विचित्तता जननेनेति मोहः'

कर्म के बीज-राग और द्वेष-

भगवान् महावीर ने कहा है-

''राग और द्वेष-ये दोनों कर्म के बीज हैं। कर्म मोह से उत्पन्न होता है। कर्म जन्म-मरण का मूल है। जन्म-मरण से दुःख होता है।''[3]

प्रीति और अप्रीति-राग और द्वेष-

दो ही प्रकार की अनुभूतियां हैं, एक है प्रीत्यात्मक अनुभूति और दूसरी है अप्रीत्यात्मक अनुभूति। प्रीत्यात्मक अनुभूति या संवेदना को राग कहते हैं और अप्रीत्यात्मक अनुभूति या संवेदना को द्वेष कहते हैं।

पातञ्जल, योग दर्शन में कहा गया है-

''सुखानुशयी रागः''[4] सुख भोगने की इच्छा राग है।

''दुःखानुशयी द्वेषः''[5] दुःख के अनुभव के पीछे जो घृणा की वासना चित्त में रहती है, उसे द्वेष कहते हैं।

राग का स्वरूप-

''इष्ट पदार्थों के प्रति रतिभाव को राग कहते हैं।''[6]

धवला में कहा है-

''माया-लोभ-वेदत्रय हास्य रतयो रागः''[7]

माया, लोभ, पुरुषवेद, स्त्रीवेद, नंपुसकवेद (काम भाव), हास्य और रति-इनका नाम राग है।

वाचकवर्य उमास्वाति ने लिखा है-

''इच्छा, मूर्च्छा, काम, स्नेह, गृद्धता, ममता, अभिनन्दन, प्रसन्नता और अभिलाषा आदि अनेक राग भाव के पयार्यवाची हैं।''[8]

चार कषाय क्रोध, मान, माया और लोभ में माया और लोभ को राग की संज्ञा दी गई है।[9]

माया के पर्यायवाची शब्द-

माया के निम्नलिखित नाम हैं-

1.	**माया**	-	कपटाचार।
2.	**उपाधि**	-	ठगने के उद्देश्य से व्यक्ति के पास जाना।
3.	**निवृत्ति**	-	ठगने के लिए अधिक सम्मान देना।
4.	**वलय**	-	वक्रतापूर्ण वचन।
5.	**गहन**	-	ठगने के उद्देश्य से अत्यंत गूढ़ भाषण करना।
6.	**नूम**	-	ठगने के हेतु निकृष्ट कार्य करना।
7.	**कल्क**	-	दूसरों को हिंसा के लिए उभारना।
8.	**कुरुक**	-	निन्दित व्यवहार करना।
9.	**दंभ**	-	कपट।
10.	**कूट**	-	नाप-तौल में कम-ज्यादा देना।
11.	**जैह्म**	-	कपट का काम।
12.	**किल्विषिक**	-	भांडों के समान चेष्टा करना।
13.	**अनाचरण**	-	अनिच्छित कार्य भी अपनाना।
14.	**गूहन**	-	अपनी करतूत को छिपाने की करतूत करना।
15.	**वंचन**	-	ठगी।
16.	**प्रतिकुंचनता**	-	किसी के सरल रूप से कहे हुए वचनों का खंडन करना।
17.	**साचियोग**	-	उत्तम वस्तु में हीन वस्तु की मिलावट करना।

ये सब माया की ही विभिन्न अवस्थाएं हैं।

लोभ-

लोभ के पर्यायवाची नाम इस प्रकार हैं-

1.	**लोभ**	-	संग्रह करने की वृत्ति।
2.	**इच्छा**	-	अभिलाषा।
3.	**मूर्च्छा**	-	तीव्र संग्रहवृत्ति।
4.	**कांक्षा**	-	प्राप्त करने की आशा।
5.	**गृद्धि**	-	आसक्ति।
6.	**तृष्णा**	-	जोड़ने की इच्छा, वितरण की विरोधी वृत्ति।
7.	**मिथ्या**	-	विषयों का ध्यान।
8.	**अभिध्या**	-	निश्चय में डिग जाना या चंचलता।
9.	**कामाशा**	-	काम की इच्छा।

10.	**भोगाशा**	-	भोग्य पदार्थों की इच्छा।
11.	**जीविताशा**	-	जीवन की कामना।
12.	**मरणाशा**	-	मरने की कामना।
13.	**नंदी**	-	प्राप्त संपत्ति में अनुराग।
14.	**राग**	-	इष्ट वस्तु प्राप्ति की इच्छा।

द्वेष का स्वरूप-

''अनिष्ट विषयों में अप्रीति रखना ही मोह का एक भेद है, उसे द्वेष कहते हैं।''[12]

''असंह्यजनों में तथा असह्य पदार्थों के समूह में बैर के परिणाम रखना द्वेष कहलाता है।[13]

धवला में बताया गया है-

''क्रोध, मान, अरति, शोक, भय व जुगुप्सा-ये छह कषाय द्वेषरूप हैं।''[14]

वाचकवर्य उमास्वाति ने द्वेष के निम्नलिखित नाम बताए हैं-

''ईर्ष्या, रोग, दोष, द्वेष, परिवाद, मत्सर, असूया, वैर एवं प्रचंडन आदि द्वेष के पर्यायवायी हैं।''[15]

चार कषायों क्रोध, मान, माया और लोभ में क्रोध और मान को द्वेष की संज्ञा दी गई है।[16]

क्रोध-

समवायांग में क्रोध के निम्नलिखित नाम दिए गए हैं-[17]

1.	**क्रोध**	-	आवेग की उत्तेजनात्मक अवस्था।
2.	**कोप**	-	क्रोध से उत्पन्न स्वभाव की चंचलता।
3.	**रोष**	-	क्रोध का परिस्फुट रूप।
4.	**अक्षमा**	-	अपराध क्षमा न करना।
5.	**संज्वलन**	-	जलन या ईर्ष्या की भावना।
6.	**कलह**	-	अनुचित भाषण करना।
7.	**चांडिक्य**	-	उग्र रूप धारण करना।
8.	**भंडन**	-	हाथापाई करने पर उतारू होना।
9.	**विवाद**	-	आक्षेपात्मक भाषण करना।
10.	**दोष**	-	स्वयं या दूसरे पर दोष थोपना।

मान-

जैन-जगत् में मान के अष्ट भेद हैं-इन्हें आठ मद भी कहा जाता है-

1. जाति, 2. कुल, 3 बल (शक्ति), 4. ऐश्वर्य, 5. बुद्धि, 6. ज्ञान (सूत्रों का ज्ञान), 7.

सौन्दर्य व 8. अधिकार।

मान के निम्नलिखित पर्यायवाची हैं-[18]

1.	**मान**	-	अपने किसी गुण पर अहंवृत्ति।
2.	**मद**	-	अहंभाव में तन्मयता।
3.	**दर्प**	-	उत्तेजनापूर्ण अहं भाव।
4.	**स्तंभ**	-	अविनम्रता।
5.	**आत्मोकर्ष**	-	अपने को दूसरे से श्रेष्ठ मानना।
6.	**गर्व**	-	अहंकार।
7.	**परपरिवाद**	-	परनिन्दा।
8.	**उत्कर्ष**	-	अपना ऐश्वर्य प्रकट करना।
9.	**अपकर्ष**	-	दूसरों को तुच्छ समझना।
10.	**उन्नत**	-	दूसरों को छोटा मानना।
11.	**उन्नाम**	-	गुणों के सामने न झुकना।
12.	**पुर्नाम**	-	यथोचित रूप से न झुकना।

संवेगों-भावों का मनोवैज्ञानिक वर्गीकरण-

मनोवैज्ञानिक राबर्ट बुडवर्थ ने कहा है-[19]

''यह एक महत्त्वपूर्ण बात है कि विभिन्न भावों और भावधाराओं के लिए अनेक शब्दों का प्रयोग होता है। एक ही शब्द के सैकड़ों पर्यायवाची-समानार्थक शब्दों की खोज करना कोई बड़ा कार्य नहीं है। ''मैं.....अनुभव करता हूं।'' इस वाक्य को पूरा करने वाले ये शब्द हैं-

1.	**सुख**	-	आनन्द, हर्ष, प्रसन्नता, गर्व, उल्लास।
2.	**दुःख**	-	असंतुष्टि, शोक, उदासी, अप्रसन्नता, खिन्नता।
3.	**प्रमोद**	-	मनोविनोद, आमोद।
4.	**उत्तेजना**	-	हलचल।
5.	**शान्त**	-	संतुष्टि, स्तब्धता, रुचि-शून्यता, परिश्रान्त।
6.	**आशा**	-	उत्कंठा, मनोरथ, आश्वासन, उत्साह।
7.	**संशय**	-	लज्जा, व्याकुलता, आकुलता, चिन्ता।
8.	**भय**	-	त्रास, उद्वेग, भयंकर, भयातुर।
9.	**विस्मय**	-	आश्चर्य, अद्भुत, अनोखा, अचंभा।
10.	**इच्छा**	-	अभिलाषा, लालसा, कामना, प्रेम (राग)।
11.	**पराङमुखता**	-	अरुचि, घृणा, अनिच्छुकता।
11.	**क्रोध**	-	द्वेष, कोप, उद्विग्न, रोष, कलह।

उपर्युक्त सूची में प्रत्येक वर्ग का पहला शब्द उस वर्ग के सारांश को व्यक्त करता है। इनसे बड़े या

छोटे अन्य वर्गीकरण भी किए जा सकते हैं।[20] दो मुख्य वर्गों-राग और द्वेष में सभी भावों का समावेश हो जाता है।

शत्रुता का कारण-राग-द्वेष

शिष्य बोला-गुरुदेव! एक ओर तो आप इन्द्रियों को परम उपयोगी बता रहे हैं और दूसरी तरफ उन्हें शत्रु कहा जा रहा है।

आचार्य ने कहा-

आविष्टानि यदा तानि, रागद्वेष प्रभावतः।
तदा तानि विपक्षाणि, नेतराणि महामते॥

महामति शिष्य! इन्द्रियां जब राग-द्वेष के प्रभाव से आविष्ट होती हैं, तभी शत्रु कहलाती हैं। राग-द्वेष मुक्त इन्द्रियां शत्रु नहीं है।[21]

''जब गंगा के निर्मल पानी में फैक्ट्रियों का दूषित कचरा मिलता है तो वह पानी भी जरा दूषित हो जाता है। इन्द्रिय-ज्ञान की निर्मल-धारा में राग और द्वेष का कचरा मिल जाता है, उस अवस्था में वे शत्रु बन जाती हैं। यह बात अध्यात्म की भूमिका पर कही जा सकती है। इन्द्रियां एक साधक के लिए अहितकर भी है और शत्रुता का काम भी करती है। जब इनमें मूर्च्छा का मिश्रण हो जाता है, तब अध्यात्म-विकास में बाधा उत्पन्न हो जाती है। जब मोह की गंदी नाली इन्द्रियों के साथ जुड़ जाती हैं, इन्द्रियां इससे आविष्ट हो जाती हैं, तब वे चित्त की निर्मल धारा को कलुषित कर देती हैं।''

राग-द्वेष-क्रोध-मान-माया-लोभ पर विजय-

भगवान् महावीर ने क्रोध, मान, माया, लोभ पर विजय पाने का एक सूत्र[22] दिया है-

''उपशम (क्षमा) भाव से क्रोध को जीतना चाहिए। मार्दव-विनम्रता से अभिमान को जीतना चाहिए। आर्जव-सरलता के भाव से माया को जीतो और संतोष से लोभ पर विजय प्राप्त करनी चाहिए।''

महर्षि पतञ्जलि ने कहा है[23]

''वितर्क बाधने प्रतिप भावनम्''

-एक पक्ष को तोड़ना है तो प्रतिपक्षी भावना को उत्पन्न करो।

क्रोध की प्रतिपक्षी भावना है-क्षमा। अतः क्रोध-मान-माया-लोभ के भावों को इनके प्रतिपक्षी क्षमा, विनम्रता, ऋजुता तथा संतोष के भावों से शान्त किया जा सकता है।

परिवर्तन का मनोवैज्ञानिक सिद्धांत-

मनोवैज्ञानिकों का मत है कि मूल प्रवृत्तियों में परिवर्तन से व्यक्तित्व का विकास किया जा सकता है। चार पद्धतियों द्वारा यह परिवर्तन संभव है-[24]

1. अवदमन (REPRESSION)
2. विलयन (INHIBITION)
3. मार्गान्तरीकरण (REDIRECTION)
4. शोधन (SUBLIMATION)

विलयन पद्धति के अन्तर्गत दो साधन हैं-

1. निरोध और 2. विरोध

''दो पारस्परिक विरोधी प्रवृत्तियों को साथ ही उत्तेजित कर देने से मूलप्रवृत्तियों में परिवर्तन लाया जा सकता है। काम-प्रवृत्ति के उत्तेजित होने के समय यदि भय अथवा क्रोध उत्पन्न कर दिया जाए तो काम भावना ठंडी पड़ जाएगी।

संग्रह-प्रवृत्ति त्याग भावना से शान्त की जा सकती है।[25]

अतः पातञ्जल योग दर्शन की प्रतिपक्ष की भावना, जैनागम के क्रोधादि भावों को उपशम (क्षमा) आदि से शांत करना तथा मनोवैज्ञानिक का विलयन (विरोधन) के सिद्धांत में आश्चर्यकारी साम्य-समानता हैं

अतः यह समन्वयात्मक ज्ञान आत्म-विकास के लिए परम हितकर है-जिसका अध्ययन अपेक्षित है।

सन्दर्भ :

1. कर्मवाद, युवाचार्य महाप्रज्ञ, पृष्ठ-235।
2. कर्मवाद, कर्मशास्त्र मनोविज्ञान की भाषा में।
3. उत्तराध्ययन, 32.7
   रागो या दोसो विय कम्मवीयं, कम्मं च मोहप्पभवं वयंति
   कम्मं च जाई मरणस्स मूलं, दुक्खं च जाई मरणं वयंति
4-5. पातञ्जल योग दर्शन, ॥2.7.8॥
6. प्रवचनसार/त.प्र./85-अभीष्ट विषयप्रसङ्गेन रागः॥
7. धवला 12/4, 2,8, 8/283/8 माया लोभविवे-त्रय-हास्यरत्यो रतिः
8. प्रशमराति 18 इच्छा मूर्च्छीकाम स्नेही गाध्रय ममत्वमभिनन्दः। अभिलाष इत्येवमादि समं पर्यायवचनानि।
9. ठाणांग 2.4.96 माया लोभ कषायश्चेत्येद् राग संज्ञि त्वं। क्रोधोमानश्च पुनद्वेष समासतिद्धिः।
10. समवाओ, 52 : जैन विश्व भारती, लाडनूं।
    माया, उवही नियडी वलए गहणे, णूमेकक्के कुरुए दंभे जिम्हे किब्बिसिए आणाचरणया मूहणया वंचणया पलिकुंचण या सातिजोगे।
11. समवाओ, 52
    लोभे इच्छा मुच्छा कंखा गेहो तिण्हा भिज्जा अभिज्जा, कामासा, भोगासा, जीवियासा, मरणासा, नंदी, रागे।
12. (क) प्रवचनसार/त-प्र/85
    मोहम्-अनभिष्ट विषयाप्रीत्याद्वेष (मिति)।
    (ख) सर्वार्थसिद्धि/आ/51-अप्रीतिरूपो द्वेषः।
13. नियमसार, तात्पर्य वृत्ति/66-असहयजनेषु वापि चासहय पदार्थ सार्थेषु वा .....
14. धवला 12/4, 2, 8, 8/283/8
15. प्रशमरति, 19, उमास्वाति-ईर्ष्या, रोषो, दोषः, द्वेष परिवाद मत्सरासूया:।
    वैर प्रचंडनाद्या नैके द्वेषस्य पर्यायाः॥ 19॥
16. ठाणांग-2,4,96
17. समवायांग, 52
    कोहे, कोवे, रोसे, दोसे, अखमा, संजलणे, कलहे, चंडिक्के, भंडणे विवाए।
18. समवाओ, 52
    माणे, मदे, दप्पे, थंभे, अत्तुक्कोसे, गव्वे, परपरिवाए, उक्कोसे, अवक्कोसे, उन्नए, उन्नामे।
19. Psychology : A study of Mental life Feeling an Emotion-p.334.
    Robert S. Woodworth & Donald G. Marquis-Methuen & Co. London : It is

remarkable how many words there are in common use for various feelings and shades of feeling. It would be no great task to find a hund red words, same of them, no doubt, synonymous to complete the sentence, I feel..... Here are a few names of feelings and emotions, roughly grouped into classes.

Pleasure - happiness, joy, delight, elation, raptoore,

Displeasure - discontent, grief, sadness, sorrow, dejection.

Mirth - amuserment, hilarity.

Excitement - Agitation.

Calm - contentment, munbress, apathy, weariness.

Expectancey - eagerness, hopen, assurance, courage.

Doubt - shyness, embarrasment, anxiety, worry.

Dread - fear, fright, terror, horror.

Surprise - amazement, wonder, relief, disappointment.

Desire - disgust, longing, yearning love.

Aversion - disgust, Roathing, hate.

Anger - resentment, indignation, sullenness, rage, fray.

20. The first word in each class is intended to give the keynote of the class. Other classification could be made broader or narrower. Two broad classes pleasant and unpleasant would include of most of the feelings.
21. अभ्युदय, पृष्ठ 93-युवाचार्य महाप्रज्ञ
22. (क) दशवैकालिक 8.39
    उवसमेण हणे कोहं, माणं मद्दवया जिणे।
    माया मज्जव भावेण, लोभं संतोसओ जिणे॥
    (ख) शान्त सुधारस 8.3, संवर भावना।
    क्रोधं क्षान्त्या मार्दवेनाभिमानं, हन्या मायामार्जवेनोज्जवलेन
    लोभं वारां राशिरौद्रं निरुन्ध्याः, संतोषेण प्रासुना सेतुमेव॥
23. पातञ्जल योगदर्शन, 2.33
24. मनोविज्ञान और शिक्षा, पृष्ठ-185, डॉ. सरयूप्रसाद चौबे।
25. वही, पृष्ठ 186

जैन विश्वभारती विश्वविद्यालय, लाडनूँ
प्रकाशन सूची

क्र.	पुस्तक का नाम	लेखक/सम्पादक	मूल्य
1.	आचार्य महाप्रज्ञ का संस्कृत साहित्य	डॉ. हरिशंकर पाण्डेय	550
2.	युग को आचार्य महाप्रज्ञ का योगदान	डॉ. हरिशंकर पाण्डेय/डॉ. जे.पी.एन. मिश्रा	100
3.	अंगुत्तर निकाय भाग-1	श्री श्रीचंद रामपुरिया	50
4.	अंगुतर निकाय भाग-2	श्री श्रीचंद रामपुरिया	60
5.	महाभारत परिक्रमा	श्री श्रीचन्द रामपुरिया	60
6.	वासुदेव श्रीकृष्ण	श्री श्रीचंद रामपुरिया	10
7.	श्रमण सूक्त	श्री श्रीचंद रामपुरिया	150
8.	तीर्थंकर वर्द्धमान जीवन प्रसंग	श्री श्रीचंद रामपुरिया	80
9.	आवश्यक निर्युक्ति खण्ड-1	डॉ. समणी कुसुम प्रज्ञा	400
10.	आचारांग और महावीर	साध्वी श्रुतयशा	150
11.	सम्बोधि का समीक्षात्मक अनुशीलन	समणी स्थित प्रज्ञा	100
12.	रत्नपालचरितम	डॉ. हरिशंकर पाण्डेय	100
13.	दूरस्थ शिक्षा की उपयोगिता	डॉ. आनन्दप्रकाश त्रिपाठी	100
14.	नई सुबह	डॉ. आनन्दप्रकाश त्रिपाठी	100
15.	जैन विद्या और विज्ञान	प्रो. (डॉ.) महावीर राज गेलड़ा	300
16.	हरा आँचल	डॉ. आनन्दप्रकाश त्रिपाठी	100
17.	माटी की रक्षा	डॉ. आनन्दप्रकाश त्रिपाठी	100
18.	जैन संस्कृति और जीवन मूल्य भाग-1	समणी ऋजु प्रज्ञा	75
19.	जैन संस्कृति और जीवन मूल्य भाग-2	समणी ऋजु प्रज्ञा	75
20.	जैन संस्कृति और जीवन मूल्य भाग-3	समणी ऋजु प्रज्ञा	75
21.	भिक्षु न्यायकर्णिका	पं. विश्वनाथ मिश्र	120
22.	जैन इतिहास एवं संस्कृति	समणी ऋजु प्रज्ञा	120
23.	जीवन विज्ञान और स्वास्थ्य	डॉ. समणी ऋजु प्रज्ञा /समणी श्रेयस प्रज्ञा	120
24.	योग वैशिष्ट्य	डॉ. जे.पी.एन. मिश्रा	400
25.	जैन तत्त्व मीमांसा और आचार मीमांसा	डॉ. समणी ऋजु प्रज्ञा	120
26.	अर्द्धमागधी साहित्य में गणित	डॉ अनुपम.जैन	200
27.	Anekant : Reflection & Clarification	Acharya Mahaprajna	30
28.	Anekant: Views & Issues	Acharya Mahaprajna	30
29.	Lord Mahavir (Vol. 1,2,3)	Shri S.C. Rampuria	1000
30.	Shraman Bhagwan Mahavir Life & Doctrine	Shri S.C. Rampuria	300
31.	Pslam of Life	S. Nath Jain / Ed. Sh. S.C. Rampuria	24
32.	Anekanta- The Third Eye	Acharya Mahaprajna	195
33.	Science in Jainism	Prof. M.R. Gelra	200
34.	The Quest for Truth	Acharya Mahaprajna	195
35.	Sound of Silence	Acharya Mahaprajna	140
36.	Journey into Jainism (Reprint)	Sadhvi Vishrut Vibha	39
37.	Jain Studies & Science	Prof. (Dr.) M.R. Gelra	400
38.	Non-violence Relative Economics and A New Social Order	Prof. B.R.Dugar/Dr. Satya Prajna/ Dr. Samani Ritu Prajna	500
39.	Jain Biology	Late Shri Jetha Lal S. Zaveri / Prof. Muni Mahendra Kumar	200
40.	Teaching of Lord Mahavira	Shri S.C. Rampuria	25

प्रकाशक - सम्पादक - डॉ. मुमुक्षु शान्ता जैन द्वारा जैन विश्वभारती विश्वविद्यालय
लाडनूँ के लिए प्रकाशित एवं जयपुर प्रिण्टर्स, जयपुर द्वारा मुद्रित